## गुस्ताखी माफ



बची-खुची भी टूट ले, सड़क जरा सरकार।
करवा देंगे फिर इसे, दोबारा तैयार।
दोबारा तैयार, इसे फिर करवायेंगे।
गड्ढे हो लें बड़े, तभी भरने आयेंगे।
कह साहिल कविराय, बना देंगे फिर सारी।
बची-खुची भी जरा, टूट ले सड़क हमारी।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल

RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 82 | SUNDAY 05-04-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# किस्सा असलह लाइसेंस और सेहराबंदी का !




**राजदीप सिंह सैनी**

लुधियाना/यूटर्न/4 अप्रैल। लुधियाना जिला जितना बड़ा है, यहां आए दिन उतने ही बड़े और नए किस्से सुनने को मिलते हैं। वहीं अब एक नया मामला शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। यह अनोखा किस्सा असलह लाइसेंस और सेहराबंदी का है। जिसमें एक युवक अपने साथी के साथ मिलकर जमकर लोगों के असलह लाइसेंस के लिए फर्जी डोप टेस्ट और मेडिकल सर्टीफिकेट बनवाता रहा। जल्द अमीर बनने के चक्कर में उसने दबाकर फजीवाड़ा किया। लेकिन जब पुलिस की कड़ीकी में आया तो ऐसा फंसा कि उसकी सेहराबंदी में ही टीम गिरफ्तारी करने पहुंच गई। लेकिन परिवार द्वारा मिन्नतें करने पर बचाव हुआ। मगर पुलिस ने छोड़ा नहीं बल्कि उस पर नजर रखी और शादी खत्म होने से पहले फिर रेड कर डाली। मगर फिर एक राजनेता की सिफारिश से दूल्हा आरोपी बच गया। लेकिन पुलिस ने उसे अगले दिन गिरफ्तार कर लिया। चर्चा है कि पहले तो युवक ने दबकर कानून की धज्जियां उड़ाई, लेकिन जब कानून एक्शन में आया तो आरोपी को शादी करना तक मुश्किल हो गया। फिलहाल शादी के बाद से युवक जेल में हैं।

**पहले जमकर उड़ाई धज्जियां, अब पछतावा हो रहा...**चर्चा है कि लुधियाना जिले में असलह बनवाने के चाहवान कई लोगों का डोप टेस्ट क्लियर नहीं हो पाता था। जबकि कइयों के फिजिकल फीट न होने के चलते मेडिकल सर्टीफिकेट नहीं पास होता था। ऐसे में उक्त ग्रेजुएट युवक द्वारा अपने साथी के साथ मिलकर उन लोगों को अपना निशाना बनाया जाता था। उनसे मोटी रकम ली जाती थी और बदले में जाली सर्टीफिकेट बनाकर दे दिए जाते थे। ऐसे करके दोनों ने पहले जमकर नियमों का धज्जियां उड़ाई। मगर अब पुलिस ने हत्थें चढ़ गए तो अब पछतावा हो रहा है।

**शादी के लिए जोड़े पैसे, वहीं अटेंड करनी हुई मुश्किल...**चर्चा है कि युवक द्वारा पहले 8 से 10 हजार रुपए महीना सैलरी पर नौकरी की जाती थी। लेकिन कुछ साल पहले उसे यह फजीवाड़े का तरीका पता चला। जिसके बाद उसने दबाकर फर्जी सर्टीफिकेट बनाए। चर्चा है कि युवक द्वारा अपनी शादी अपने पैसों से करने के लिए जमकर नकदी जमा की। जिसके बाद अब शादी करने का समय आया तो उसके द्वारा किए काले कारनामे ही उसके आ गए। जिसके चलते उसे अपनी शादी अटेंड करना मुश्किल हो गया। लोगों का कहना है कि आखिर ऐसे पैसे का क्या करना, जिससे सुख भी न मिल सके।

**राजनेता बीच में कूदे, नहीं तो शादी से दूल्हा होता गिरफ्तार...**चर्चा है कि पुलिस ने जब आरोपी युवक के घर रेड की तो उसकी सेहराबंदी चल रही थी। पुलिस ने उसे साथ जाने को कहा। लेकिन परिवार ने मिन्नतें कर शादी हो जाने तक रोका। पुलिस ने भी इंतजार किया। फिर शादी होते ही पुलिस दूल्हे को पकड़ने पहुंच गई। लेकिन एक बड़े राजनेता बीच में कूद गए और शादी के बाद गिरफ्तारी की अपील की। अगर राजनेता ऐसे ठगों को न बचाते तो शादी में ही दूल्हा पकड़ा जाता।

**सरकारी नौकरियों के लिए बनाए फर्जी सर्टीफिकेट...**चर्चा है कि आरोपियों द्वारा अकेले असलह लाइसेंस के लिए नहीं बल्कि सरकारी नौकरियां लेने के दौरान विभागों को दिए जाने वाले मेडिकल सर्टीफिकेट भी फर्जी बनाए जाते थे। उनके पास से रेलवे विभाग के भी दो दस्तावेज मिले हैं। आरोपियों द्वारा लुधियाना के सिविल अस्पताल में डोप टेस्ट में फेल कई लोगों को अपना शिकार बनाया गया। इसके अलावा वे जगराओं और खन्ना के लोगों को भी जाली सर्टीफिकेट बनवाकर दे चुके हैं।

***डॉक्टरों के पैन का ब्रांड करते थे इस्तेमाल...**वहीं पुलिस द्वारा इस मामले में कई स्टैंप और दस्तावेज बरामद किए हैं। पुलिस पूछताछ के दौरान पता चला कि आरोपी डॉक्टरों के हस्ताक्षर भी खुद करते थे। इसके लिए उन्होंने प्रैक्टिस कर रखी थी। यहां तक कि वह वहीं ब्रांड का पैन इस्तेमाल करते थे, जिसे डॉक्टर इस्तेमाल करते थे। ताकि किसी को शक न हो सके।*







# मिसाल कायम करने को इलाकावासियों ने प्रशासन से मांगी ठग्स ऑफ लुधियाना सुनील मड़िया का पुतला बनवाने की मांग

## किचलू नगर में एलआईटी द्वारा जमीन से कब्जा छुड़वाने का मामला

लुधियाना/यूटर्न/4 अप्रैल। नटवरलाल सुनील मडिया, उसके परिवार और करीबियों की और से कुछ राजनेताओं के साथ मिलकर किचलू नगर स्थित ब्लॉक-एफ में लुधियाना इंप्रूवमेंट ट्रस्ट की जमीन पर कब्जा कर रखा था। जिसे ट्रस्ट द्वारा छुड़वा लिया गया है। इस मुद्दे को शुरू से उठा रही न्यू हाई स्कूल एलुमनी एसोसिएशन की और से प्रेजिडेंट राकेश गर्ग की अगुवाई में एक प्रैस कांफ्रेस की। जिसमें उनकी और से मंत्री संजीव अरोड़ा और ट्रस्ट के चेयरमैन तरसेम सिंह भिंडर का इस कार्रवाई को लेकर धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि दोनों लीडरों के प्रयासों से ही सुनील मडिया जैसे ठगों के किले में सेध लग सकती है। इनके महत्वपूर्ण सहयोग और प्रयासों के बिना यह महत्वपूर्ण कार्य संभव नहीं हो पाता। वहीं राजेश गर्ग ने कहा कि 40 साल से कब्जा करके बैठे मडिया पर जब एक्शन हुआ तो वहां ऐसे जनता इकट्ठी हुई, जैसे दुशहरे पर रावण दहन के समय भीड़ इकट्ठी होती है। वहीं दहन के बाद जैसे लोग रावण की लकड़ियां अस्थितियों के रुप में उठाकर ले जाते हैं, वैसे ही उक्त कब्जा हटते ही वहां से लोग कब्जाधारियों का पकड़ा अवैध सामान उठाकर ले गए। राजेश गर्ग ने कहा कि यह पूरा वाक्य रावण दहन की तरह प्रतीत हो रहा था। जिसके चलते उनकी तरफ से प्रशासन को एक चिट्ठी लिखीं जा रही है, जिसमें उन्होंने मांग की है कि ट्रस्ट की किचलू नगर वाली जमीन पर सुनील मडिया का एक बड़ा पुतला बनाकर लगाया जाए। ताकि जैसे रावण के किले में सेध लगने पर लोग उसे याद करते हैं, वैसे ही लोग मडिया के किले में सेध लगने पर उसका पुतला देखकर याद किया करेगें।



### मीटिंग में यह सदस्य रहे मौजूद

वहीं न्यू हाई स्कूल एलुमनी एसोसिएशन के सदस्य रोशन लाल अग्रवाल, दीपिका धीर, स्कूल मैडम मंजू शर्मा, ओंकार सिंह पांवाहा, राजेश गर्ग, करन चावला (अधिवक्ता), अमरवीर सिंह, अमित गोयल, नवनीत बहरी, राजेश खुल्लर, भरत देवां, सुभाष गुप्ता, इशु गोयल, राकेश सतीजा (नए हाई स्कूल के पुराने छात्र) तथा धौलागिरी अपार्टमेंट्स के आदिश बंबा ने इस कार्रवाई को लेकर पंजाब सरकार और स्थानीय प्रशासन का धन्यवाद किया।

### कानूनी समर्थन की मांग

एसोसिएशन की और से आगे की कार्रवाई के संबंधी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उनकी तरफ से राज्य सरकार से कानूनी समर्थन की मांग की है, ताकि मडिया का बचाव कर रहे महंगे वकीलों के समर्थ बना जा सके। वहीं सिविल लाइंस स्कूल संपत्ति का पुनः कब्जा दिया जाए।



### पीएसआईईसी के प्लॉट का भी अवैध इस्तेमाल

वहीं राजेश गर्ग ने कहा कि सुनील मडिया द्वारा सिर्फ एलआईटी नहीं बल्कि पीएसआईईसी के प्लॉट पर भी कब्जा कर गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। सुनील मडिया की और से फोकल प्वाइंट फेस-5 में स्थित सी-91 में एक 5000 गज का प्लॉट इंडस्ट्री के लिए लिया था। लेकिन वर्तमान में वह इस प्लॉट से किराए की आय अर्जित कर रहा हैं, जो नियमों का उल्लंघन है।

# रंगला पंजाब की ओर बड़ा कदमः डेराबस्सी में 80 लाख की लागत से बने नए पार्कों का उद्घाटन

## विधायक कुलजीत सिंह रंधावा बोले-पार्क सिर्फ मनोरंजन नहीं, स्वस्थ जीवनशैली का आधार



डेराबस्सी/यूटर्न/04 अप्रैल। 'रंगला पंजाब' के सपने को साकार करने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा जमीनी स्तर पर विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। इसी कड़ी में डेराबस्सी हलके के विधायक सरदार कुलजीत सिंह रंधावा ने नगर काउंसिल के सहयोग से वार्ड नंबर 13 के साधु नगर में ₹50 लाख और आदर्श नगर में ₹30 लाख की लागत से तैयार किए गए आधुनिक पार्कों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर नगर काउंसिल की प्रधान आशु उपनेजा, जो वार्ड की एम.सी. भी हैं, सहित बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी मौजूद रहे। उद्घाटन समारोह के दौरान क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला और लोगों ने इस पहल का स्वागत किया। विधायक रंधावा ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि हर वादे को जमीनी स्तर पर लागू कर रही है। उन्होंने बताया कि डेराबस्सी क्षेत्र में सड़कों का निर्माण व मरम्मत, गलियों और नालियों का सुधार, स्वच्छ पेयजल व्यवस्था, एलईडी स्ट्रीट लाइट्स, आम आदमी क्लीनिक, सरकारी स्कूलों का उन्नयन और खेल मैदानों का विकास तेजी से किया जा रहा है।


उन्होंने आगे कहा कि पंजाब सरकार ने स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। आम आदमी क्लीनिकों के जरिए लोगों को मुफ्त इलाज और जांच की सुविधा मिल रही है, जबकि स्कूल ऑफ एमिनेंस और स्कूल ऑफ हैप्पीनेस के माध्यम से विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा दी जा रही है। नए बनाए गए पार्कों के बारे में विधायक ने कहा कि ये पार्क केवल मनोरंजन के केंद्र नहीं हैं, बल्कि लोगों को स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। पार्कों में बच्चों के लिए आधुनिक खेल उपकरण, बैठने की समुचित व्यवस्था और हरित वातावरण विकसित किया गया है। इस मौके पर स्थानीय निवासियों ने सरकार और विधायक का धन्यवाद करते हुए कहा कि क्षेत्र में लगातार हो रहे विकास कार्यों से लोगों को राहत मिल रही है और इलाके की तस्वीर बदल रही है।

# फैब्रिक कारोबारी परिवार ने दूसरे कारोबारी से मारी 5.52 करोड़ की ठगी, महिला समेत दो पर मामला दर्ज

लुधियाना/यूटर्न/4 अप्रैल। लुधियाना के पुराना बाजार में स्थित फैब्रिक कारोबारी परिवार ने सोची समझी साजिश के तहत दूसरे कारोबारी से पहले 5.52 करोड़ रुपए का माल खरीद लिया। जिसके बाद उसे पेमेंट देने की चैक थमा दिए। जब वह चैक बैंक में लगाए तो बाउंस हो गए। जिसके बाद पीड़ित ने पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने एक महिला समेत तीन लोगों पर कार्रवाई की है। थाना दरेसी की पुलिस ने गुरु नानक देव नगर के प्रतीक टंडन की शिकायत पर गुरदेव नगर के साहिल मल्होत्रा, मीनाक्षी मल्होत्रा और प्रदुमन मल्होत्रा के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों की








तलाश कर रही है। शिकायतकर्ता ने बताया कि साहिल मल्होत्रा आके मल्होत्रा होजरी, पुराना बाजार का मालिक है। जबकि मीनाक्षी मल्होत्रा एसपी मल्होत्रा ट्रेडर्ज फर्म की प्रोपरेटर है और प्रदुमन मल्होत्रा नायजा ओवरसीज प्रा. लि. का डायरेक्टर है। वहीं शिकायतकर्ता बीके इंटरनेशनल फर्म का प्रोपरेटर है। पुलिस को दी शिकायत में शिकायतकर्ता ने बताया कउसीक फर्म रेडीमेड फैब्रिक बनाने का काम करती है। वहीं आरोपियों की फर्मो की और से शिकायतकर्ता की फर्म के साथ लंबे समय से व्यापार किया जा रहा था। जिसके चलते आरोपियों द्वारा उस पर अपना विश्वास बना लिया गया। इसी के चलते आरोपियों ने साल 2020 से लेकर 2023 तक रेडीमेड फैब्रिक का माल 5.52 करोड़ रुपए का शिकायतकर्ता से हासिल कर लिया। पहले तो आरोपी पेमेंट के लिए टाल मटोल करते रहे। लेकिन फिर मार्च 2026 को मीनाक्षी मल्होत्रा ने 35 लाख और 30 लाख के दो चैक दे दिए। लेकिन जब शिकायतकर्ता ने चैक बैंक में लगाए तो वह बाउंस हो गए। जिसके बाद आरोपी पेमेंट के लिए टाल मटोल करने लगे।

### चैक का कर सकते हैं का गलत प्रयोग

शिकायतकर्ता ने अपनी शिकायत में बताया कि आरोपियों की ओर से उसे अपने झांसे में फंसाकर उसकी फर्मो के पुराने चैक अपने पास रख लिए थे। जिसके चलते उसे आशंका है कि आरोपियों द्वारा उसके चैक का गलत प्रयोग किया जा सकता है।

लुधियाना

यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

03 रविवार, 05 अप्रैल 2026



पेज 06 विकास को रफ्तार: मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए मंत्री...

# शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं, अब उच्च अधिकारियों तक पहुंचा मामला

## रिहायशी इलाके में चल रही फैक्ट्रियों का मामला

मिलन

लुधियाना/यूटर्न/4 अप्रैल। स्मार्ट सिटी लुधियाना के बहादुरके रोड़ स्थित न्यू दाना मंडी रिहायशी कॉलोनी में प्रशासनिक लापरवाही का मामला लगातार गहराता जा रहा है।

यहां रिहायशी इलाके के भीतर कथित तौर पर अवैध रूप से कमर्शियल फैक्ट्रियां चलाई जा रही हैं, जिससे स्थानीय निवासियों का जीना मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह क्षेत्र पूरी तरह रिहायशी घोषित है, लेकिन इसके बावजूद खुलेआम फैक्ट्री गतिविधियां जारी हैं।

इन फैक्ट्रियों के कारण इलाके में शोर-शराबा, भारी वाहनों की आवाजाही, ट्रैफिक जाम और सुरक्षा संबंधी खतरे लगातार बढ़ रहे हैं। इलाका




निवासियों ने बताया कि इस संबंध में पहले भी कई बार संबंधित विभागों को लिखित शिकायतें दी जा चुकी हैं। शिकायतों में संबंधित प्लॉटों की पूरी जानकारी भी विभाग को दी गई है, इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। लगातार अनदेखी से अधिकारियों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद प्रशासन क्यों चुप है? सवाल यह भी है कि क्या विभागीय अधिकारियों की अनदेखी या मिलीभगत के कारण यह अवैध गतिविधियां चल रही हैं।

### नियमों के बावजूद विभाग कर रहा अनदेखी

निवासियों का कहना है कि न्यू मंडी टाउनशिप एक्ट के नियमों के अनुसार रिहायशी क्षेत्र में किसी भी प्रकार की कमर्शियल गतिविधि चलाना पूरी तरह प्रतिबंधित है। इसके बावजूद विभाग कार्रवाई करने की बजाय शिकायतों को लंबित रखता है और बार-बार यह कहकर मामला टाल दिया जाता है कि जिला स्तर के मंडी बोर्ड अधिकारियों से रिपोर्ट मंगवाई गई है।

### अब उच्च अधिकारियों को भेजी गई शिकायत

लगातार अनदेखी के बाद अब कॉलोनी निवासियों ने इस मामले को न्यू मंडी टाउनशिप और पंजाब मंडी बोर्ड के उच्च अधिकारियों के समक्ष उठाया है। निवासियों ने स्पष्ट रूप से मांग की है कि रिहायशी क्षेत्र में चल रही इन अवैध कमर्शियल फैक्ट्रियों के खिलाफ तुरंत सख्त कार्रवाई की जाए।

### निवासियों की मांग

कॉलोनी निवासियों की ओर से न्यू मंडी टाउनशिप के डायरेक्टर और पंजाब मंडी बोर्ड के सेक्रेटरी को औपचारिक रूप से शिकायत भेजकर मांग की है कि इस मामले में तुरंत जांच कर अवैध फैक्ट्री गतिविधियों को बंद कराया जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह चेतावनी भी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे इस मामले को और उच्च स्तर तक उठाने के लिए मजबूर होंगे।

पी.एस.आई.ई.सी. ने औद्योगिक प्लॉटों के लिए मालिकाना हक खोले

ज़ीरो स्टाम्प ड्यूटी के साथ लीज़होल्ड प्लॉटों को फ्रीहोल्ड में तब्दील करवाने का एकमात्र मौका

लीज़होल्ड प्लॉटों को फ्रीहोल्ड में तब्दील करवाने के मुख्य फ़ायदे:

1. 30.04.2026 तक प्राप्त होने वाले आवेदनों के लिए लीज़होल्ड औद्योगिक संपत्तियों को फ्रीहोल्ड में तब्दील करते समय कन्वेयंस डीड रजिस्ट्रेशन पर स्टाम्प ड्यूटी से एकमुश्त मुक्कमल छूट।

2. फ्रीहोल्ड प्लॉटों के लिए पोस्ट-अलॉटमेंट सेवाओं को सरल बनाकर इन्हें केवल दो हेड में विभाजित किया गया है—5 अनिवार्य और 18 वैकल्पिक सेवाएं; आगे इन्हें तीन यूनिफाइड कैटेगरीज़ में शामिल किया गया है, जिससे अलॉटियों के लिए व्यापार करने की आसानी और कार्यकुशलता में महत्वपूर्ण सुधार होगा।

3. फ्रीहोल्ड प्लॉटों से संबंधित सभी सेवाओं के लिए समय-सीमाओं को तर्कसंगत बनाया और कम किया गया है। इसके अलावा तेज़ निर्णय सुनिश्चित करने के लिए ऐसे मामलों के निपटारे हेतु एस्टेट ऑफिसर (ई.ओ.) को सर्वोच्च प्राधिकरण के रूप में नामित किया गया है।

4. बैंकों/एनबीएफसीज़ के पास गिरवी रखी गई लीज़होल्ड संपत्तियां फ्रीहोल्ड में तब्दील करने के योग्य होंगी, बशर्ते संबंधित बैंक/एनबीएफसी से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी ) जमा कराया जाए।

5. फ्रीहोल्ड प्लॉट धारकों को हलफनामे के स्थान पर स्वयं-घोषणा पत्र जमा करने की अनुमति होगी, जिससे प्रक्रिया से जुड़ी विभिन्न आवश्यकताएं सरल हो जाएंगी।

6. जिन मामलों में मौजूदा लीज़होल्ड समझौते में मुल्य वृद्धि (अनअर्न्ड इन्क्रीज) के लिए कोई प्रावधान नहीं, वहां संपत्ति को फ्रीहोल्ड में तब्दील करवाते समय यह लागू नहीं होगा।

7. परिवार के भीतर किए जाने वाले हस्तांतरण, जिनमें उत्तराधिकार तथा आवंटी की मृत्यु के बाद होने वाले हस्तांतरण शामिल हैं, के मामलों में, जब लीज़होल्ड से फ्रीहोल्ड में तबादले का विकल्प अपनाया जा रहा हो तब कोई मुल्य वृद्धि (अनअर्न्ड इन्क्रीज) चार्ज नहीं लिया जाएगा।

8. यदि आवेदन 30.04.2026 तक या उससे पहले जमा किए जाते हैं, तो अलॉटी लीज़होल्ड से फ्रीहोल्ड में तबादले पर 1,800 रुपये प्रति वर्ग गज़ के हिसाब से बचत लाभ प्राप्त कर सकते हैं। वास्तविक बचत लाभ स्थान और लागू कलेक्टर दरों के आधार पर अलग-अलग हो सकते हैं।




स. भगवंत सिंह मान

Uturn Time 05 Apr 2026_Layout 2 04-04-2026 22:54 Page 4



# सीबीआई, एजेएल मामले में हरियाणा के पूर्व सीएम हुड्डा को बरी किए जाने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएगी

चंडीगढ़/यूटर्न/4 अप्रैल। सीबीआई, पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के उस आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में एक स्पेशल लीव पिटीशन (रछढ) दायर करने की तैयारी में है, जिसमें हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा और ट/२ एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) को एक विवादित प्लॉट के दोबारा आवंटन के मामले में बरी कर दिया गया था। यह बात तब सामने आई जब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पंचकूला की एक अदालत को बताया कि सीबीआई, चंडीगढ़ के उक्क्रृने उसके जांच अधिकारी को सूचित किया है कि एजेंसी इस मामले को फिर से शुरू करने के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख करेगी।



## १७ मार्च को किया मामला बंद

इस फैसले के बाद, हरियाणा में सीबीआई की विशेष अदालत ने 27 मार्च को हुड्डा और एजेएल के खिलाफ मामला बंद कर दिया था। इसके बाद, शुक्रवार को, हरियाणा में मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (PMLA) के तहत गठित विशेष अदालत ने भी उसी प्लॉट के दोबारा आवंटन से जुड़े ईडी के मामले को बंद कर दिया।

## १५ फरवरी को सुनाया था फैसला

पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने 25 फरवरी के अपने आदेश में हुड्डा और एजेएल के पक्ष में फैसला सुनाते हुए कहा था, ₹...रिकॉर्ड पर लाए गए सबूतों से पहली नजर में भी याचिकाकताओं (हुड्डा और एजेएल) के खिलाफ लगाए गए आरोपों के जरूरी तत्व मौजूद नहीं दिखते, और उनके खिलाफ आगे बढ़ने का कोई आधार नहीं है। मुकदमा जारी रखना अदालत की प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा।₹ जस्टिस त्रिभुवन दहिया की बेंच ने ट्रायल कोर्ट के आरोप तय करने वाले आदेश को रद्द कर दिया था और आरोपियों के खिलाफ चल रही कार्यवाही को खारिज कर दिया था।

## सीबीआई का पत्र किया अदालत में पेश

हालाँकि, शुक्रवार को सुनवाई के दौरान, ईडी के वकील HPS वर्मा ने सीबीआई का एक पत्र अदालत में पेश किया, जिसमें हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती देने की बात कही गई थी। ईडी ने PMLA अदालत से गुजारिश की कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने तक इस मामले को लंबित रखा जाए, लेकिन अदालत ने इस गुजारिश को ठुकरा दिया। साथ ही, अदालत ने ईडी को यह छूट भी दी कि अगर सुप्रीम कोर्ट के आदेश/फैसले से मूल अपराध का मामला फिर से शुरू होता है, तो वह भी अपनी कार्रवाई फिर से शुरू कर सकती है।

# भारत का रक्षा निर्यात अब तक के सबसे ऊंचे स्तर 38,424 करोड़ रुपये पर पहुंच गया

चंडीगढ़/यूटर्न/4 अप्रैल। रक्षा मंत्रालय के आंकड़ों से पता चलता है कि 2025-26 में भारत का रक्षा निर्यात बढ़कर 38,424 करोड़ रुपये हो गया, जो अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है। यह 2016-17 के 1,522 करोड़ रुपये के मुकाबले लगभग 25 गुना ज्यादा है, जो पिछले एक दशक में हुए जबरदस्त विस्तार को दिखाता है। निर्यात का यह ट्रेंड, छोटे-मोटे उतार-चढ़ावों के बावजूद, लगातार ऊपर की ओर बढ़ता हुआ दिखाई देता है। रक्षा निर्यात 2018-19 में पहली बार 10,000 करोड़ रुपये के पार पहुंचा, महामारी के सालों में इसमें थोड़ी गिरावट आई, और फिर 2021-22 से इसमें तेजी से बढ़ोतरी हुई। सिर्फ.2023-24 और 2025-26 के बीच ही, निर्यात 21,083 करोड़ रुपये से बढ़कर 38,424 करोड़ रुपये हो गया, जो भारत में बने रक्षा उपकरणों और प्रणालियों की बढ़ती मांग को दशार्ता है।



## भारत रक्षा क्षेत्र में किन चीजों का निर्यात करता है ?

भारत के रक्षा निर्यात में नौसेना से जुड़े उपकरणों का दबदबा है। 2016 से 2025 के बीच कुल रक्षा निर्यात में जहाजों का हिस्सा 55 प्रतिशत रहा, जो अन्य सभी श्रेणियों से कहीं ज्यादा है। आर्टिलरी सिस्टम 13 प्रतिशत के साथ दूसरी सबसे बड़ी श्रेणी थी, जिसके बाद 12 प्रतिशत के साथ मिसाइलों का स्थान था। सेंसर और निगरानी प्रणालियों की हिस्सेदारी नौ प्रतिशत थी, जबकि कुल निर्यात में विमानों का योगदान छह प्रतिशत था। वायु-रक्षा प्रणालियों ने 5.3 प्रतिशत का योगदान दिया और बख्तरबंद वाहनों की हिस्सेदारी बहुत कम, यानी 0.3 प्रतिशत रही। नौसेना प्रणालियों पर विशेष जोर और क्षेत्रीय साझेदारों से लगातार बनी मांग के चलते, भारत का रक्षा निर्यात न केवल तेजी से बढ़ रहा है, बल्कि इसमें विविधता भी आ रही है।

## *भारत के रक्षा उपकरण कौन खरीदता है ?*

*2016-2025 के दौरान भारत का रक्षा निर्यात मुख्य रूप से कुछ खास खरीदारों तक ही सीमित रहा। म्यांमार सबसे बड़ा खरीदार बनकर उभरा, जिसका भारत के कुल रक्षा निर्यात में 28 प्रतिशत हिस्सा था। इसके बाद फिलीपींस ( 19 प्रतिशत) और आर्मेनिया ( 15 प्रतिशत) का नंबर आया; इन तीनों देशों का मिलाकर भारत के कुल निर्यात में 60 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा था। पड़ोसी और क्षेत्रीय देशों का भी इसमें अहम योगदान रहा। श्रीलंका का कुल निर्यात में 13 प्रतिशत हिस्सा था, जबकि हिंद महासागर क्षेत्र के द्वीपीय देश, जैसे मॉरीशस (8.3 प्रतिशत) और सेशेल्स (6 प्रतिशत), भी बड़े खरीदार रहे। वियतनाम का हिस्सा 5.5 प्रतिशत था, जो दक्षिण-पूर्व एशिया के साथ भारत के बढ़ते रक्षा संबंधों को दिखाता है।*

# 66 केवी लाइन अपग्रेड के चलते 5 अप्रैल को 8 घंटे बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित



जीरकपुर/यूटर्न/04 अप्रैल। क्षेत्र के लोगों को रविवार, 5 अप्रैल को बिजली कटौती का सामना करना पड़ेगा। बिजली विभाग की ओर से जारी सूचना के अनुसार 66 केवी मुबारिकपुर-ढकोली लाइन पर जरूरी अपग्रेडेशन (अ४ॏल्ल३ं३ङ्गल्ल) कार्य के चलते सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति पूरी तरह बंद रहेगी।

इस दौरान 66 केवी बलटाना ग्रिड और 66 केवी ढकोली ग्रिड से निकलने वाले सभी फीडरों की सप्लाई प्रभावित रहेगी। विभाग के अनुसार यह कार्य सिस्टम को मजबूत करने और भविष्य में बेहतर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए किया जा रहा है।

# ऑल पंजाब आंगनवाड़ी एम्प्लॉई यूनियन ने आंगनवाड़ी सेंटरों के लिए खरीदे गए फोन रूरल डिपार्टमेंट को देने का विरोध किया है

सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/04 अप्रैल। आज यहां प्रेस को एक बयान जारी करते हुए ऑल पंजाब आंगनवाड़ी एम्प्लॉई यूनियन की स्टेट प्रेसिडेंट हरगोबिंद कौर ने कहा कि आंगनवाड़ी न्यूट्रिशन कैंपेन के तहत आंगनवाड़ी सेंटरों में देने के लिए सरकार ने जो स्मार्ट फोन खरीदे थे, वे अब सर्वे के लिए रूरल डेवलपमेंट डिपार्टमेंट को दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार 13 अप्रैल को जो माँ, बेटी और सम्मान स्कीम शुरू कर रही है, उसमें आंगनवाड़ी वर्करों से जो फॉर्म उनके फोन से भरने के लिए कहा जा रहा है, आंगनवाड़ी वर्कर उन्हें अपने पर्सनल फोन से नहीं भरेंगी। अगर सरकार आंगनवाड़ी वर्करों को न्यूट्रिशन कैंपेन के तहत खरीदे गए स्मार्ट फोन देती है, तभी स्कीम के ये फॉर्म भरे जाएंगे। उन्होंने मांग की कि इन फॉर्म को अपलोड करने के लिए कम से कम 100 रुपये प्रति फॉर्म दिए जाएं।





# हरियाणा में जन्मदिन पर युवक ने फंदा लगा दी जान

हरियाणा/यूटर्न/4 अप्रैल। रेवाड़ी शहर के होटल के कमरे में फंदे से युवक की लाश लटकती मिली। मृतक की पहचान नरेश के रूप में हुई है। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और उनके मुताबिक यह मामला लव और ब्लैकमेलिंग का भी हो सकता है। क्यूंकि मरने से पहले नरेश ने किसी लड़की को कॉल की थी, हालांकि पुलिस ने अभी तक यह स्पष्ट नहीं किया कि वो लड़की कौन थी। परिवार का कहना है कि नरेश अपने काम से 31 मार्च और 1 अप्रैल को छुट्टी पर था। 2 अप्रैल को रोज कि तरह नरेश अपनी ड्यूटी पर जाने के एक घंटा पहले निकला और निकलते समय अपनी माँ - बीवी से बोला कि आज उसका जन्मदिन है, शाम को जो खाना है वो आते वक्त ले आएगा। शाम को परिवार उसके बर्थडे सेलिब्रेशन कि लिए केक लेकर उसका इंतजार कर रहा था, मगर नरेश वापिस घर नहीं लौटा। पुलिस मामले की जांच कर रही है और नरेश कि फोन कि कॉल हिस्ट्री निकाली जा रही है, पुलिस को उम्मीद है कि इससे कोई न कोई सुराग जरूर मिलेगा। क्यूंकि शव के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला और ना ही परिवार मानने को तैयार है कि उसने सुसाइड किया है।



चंडीगढ़

यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

05 रविवार, 05 अप्रैल 2026



पेज 12 सेक्टर-26 ट्रांसपोर्ट एरिया में विकास कार्यों कासीवर...

# राज्यसभा चुनावों में क्रॉस-वोटिंग के लिए कांग्रेस 5 विधायकों को निलंबित कर सकती है

चंडीगढ़/यूटर्न/4 अप्रैल। हरियाणा कांग्रेस 16 मार्च को हुए राज्यसभा चुनावों के दौरान इखढ समर्थित एक निर्दलीय उम्मीदवार के पक्ष में कथित तौर पर क्रॉस-वोटिंग करने के आरोप में अपने पांच विधायकों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू कर सकती है; इसमें निलंबन सबसे संभावित कदम के तौर पर सामने आ रहा है। पार्टी की अनुशासनात्मक कार्रवाई समिति, जिसकी आज चंडीगढ़ में बैठक हुई, से उम्मीद है कि वह विधायकों को जारी किए गए कारण बताओ नोटिसों पर उनके जवाबों की जांच करने के बाद उनके निलंबन की सिफारिश करेगी। जिन पांच विधायकों पर नजर है, वे हैं शैले चौधरी (नारायणगढ़), रेनू बाला (सढौरा-एससी), जरनैल सिंह (रतिया-एससी), मोहम्मद इलियास (पुन्हाना) और मोहम्मद इसराइल (हथीन)।



### गहमागहमी देखने को मिली

कार्यवाही के दौरान काफी गहमागहमी देखने को मिली, जब आरोपी विधायकों में से दो पार्टी कार्यालय पहुंचे और समिति के अपनी सिफारिशों को अंतिम रूप देने के दौरान अपना पक्ष रखा। इन पांचों में से, चौधरी, बाला और जरनैल सिंह ने नोटिसों के जवाब सौंप दिए, जबकि इलियास और इसराइल ने कोई जवाब नहीं दिया। समिति के अध्यक्ष धर्मपाल मलिक ने कहा कि जवाब न देने को आरोप स्वीकार करने के तौर पर देखा जा रहा है। उन्होंने संकेत दिया कि यह ₹स्पष्टर है कि इलियास और इसराइल ने क्रॉस-वोटिंग की है, क्योंकि वे नोटिसों का जवाब देने में विफल रहे।

### चौधरी ने आरोपों से किया इंकार

हालांकि, चौधरी ने आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि उन्होंने कांग्रेस के आधिकारिक उम्मीदवार, करमवीर सिंह बोध के पक्ष में वोट दिया था, और वरिष्ठ नेताओं पर उन्हें निशाना बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने अतीत की घटनाओं का भी ज़िक्र करते हुए कहा कि ₹2016 के राज्यसभा चुनावों में क्या हुआ था, यह हर कोई जानता है।₹ रेनू बाला ने भी आरोपों को खारिज करते हुए पार्टी के प्रति अपनी वफादारी दोहराई और दावा किया कि उन पर गलत आरोप लगाए जा रहे हैं। जरनैल सिंह ने भी अपने लिखित जवाब में क्रॉस-वोटिंग से इनकार किया। तीनों विधायकों ने जोर देकर कहा कि उन्होंने अपने मतपत्र पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को दिखाए थे, जिन्हें पार्टी ने वोटों के सत्यापन के लिए अधिकृत किया था।

### हाईकमान लेगी अंतिम फैसला

पार्टी सूत्रों ने संकेत दिया कि निलंबन को एक संतुलित विकल्प के तौर पर देखा जा रहा है। एक सूत्र ने कहा, अगर वे निलंबित रहते हैं, तो वे पार्टी के भीतर ही रहेंगे, और भविष्य में पार्टी के व्हिप (निर्देश) का पालन करने के लिए बाध्य होंगे। दूसरी ओर, निष्कासन से उनकी विधानसभा सदस्यता पर कोई असर नहीं पड़ेगा, जबकि इस्तीफे से उपचुनाव कराने की स्थिति पैदा हो सकती है, एक ऐसा परिदृश्य जिससे पार्टी बचना चाहती है। सूत्र ने आगे कहा, क्रॉस-वोटिंग के लिए एक संदेश दिया जाना जरूरी है, और ऐसे में निलंबन ही सही कदम होगा। पैनल की सिफारिशें हरियाणा कांग्रेस के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह को भेजी जाएंगी, जिन्होंने कहा, हम यह रिपोर्ट कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रदेश प्रभारी बी.के. हरिप्रसाद और महासचिव (संगठन) के.सी. वेणुगोपाल को आगे भेजेंगे। इस पर अंतिम कार्रवाई हाईकमान ही करेगा।

## बिना सूचना सर्विस लेन बंद, जीरकपुर में वीकेंड पर लगा भीषण जाम

### एनएचएआई के काम से अफरा-तफरी, इमरजेंसी और वीआईपी मूवमेंट प्रभावित

जीरकपुर/यूटर्न/04 अप्रैल। वीकेंड के दौरान शहर में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एनएचएआई की ओर से बिना किसी पूर्व सूचना के सर्विस लेन को बंद कर काम शुरू कर दिया गया। अचानक रास्ता बंद होने से इलाके में भारी ट्रैफिक जाम लग गया, जिससे आम लोगों के साथ-साथ इमरजेंसी वाहनों और वीआईपी मूवमेंट पर भी गंभीर असर पड़ा। जाम की स्थिति को संभालने के लिए ट्रैफिक पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। घंटों तक पुलिसकर्मी सड़कों पर डटे रहे और यातायात को सुचारू करने की कोशिश करते रहे, लेकिन अनियोजित तरीके से शुरू किए गए कार्य के चलते समस्या लगातार बढ़ती गई।

इसी दौरान ट्रैफिक पुलिस ने मौके पर कार्रवाई करते हुए बिना दस्तावेज सड़क पर खड़े एक ट्रक का ₹17,000 का चालान काटा। ट्रैफिक इंचार्ज इंस्पेक्टर मनफूल सिंह ने बताया कि ट्रक चालक से जब कागजात मांगे गए तो वह कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। उन्होंने कहा कि इस तरह की लापरवाही न केवल ट्रैफिक व्यवस्था को बाधित करती है, बल्कि आम लोगों की सुरक्षा के लिए भी खतरा बनती है। इंस्पेक्टर मनफूल सिंह ने बताया कि वीकेंड के चलते पहले ही सड़कों पर वाहनों का दबाव अधिक था। ऐसे में सर्विस लेन बंद किए जाने से हालात और बिगड़ गए। जाम को नियंत्रित करने में ट्रैफिक पुलिस को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों ने भी इस अव्यवस्था पर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि बिना पूर्व सूचना के इस तरह काम शुरू करना गैर-जिम्मेदाराना है, जिससे लोगों को बेवजह परेशान होना पड़ता है। ट्रैफिक पुलिस ने चेतावनी दी है कि भविष्य में इस तरह की लापरवाही करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, ताकि शहर की ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू बनी रहे।







### ट्रैफिक पुलिस की सख्ती, ओवरलेंथ टेंपो का ₹२० हजार चालान

जीरकपुर में ट्रैफिक नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ पुलिस ने सख्ती बढ़ा दी है। ट्रैफिक पुलिस ने ओवरलोड और ओवरलेंथ में चल रहे एक टेंपो का ₹20,000 का चालान किया, जिससे नियम तोड़ने वालों में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार, ओवरलेंथ का मतलब है कि कोई लोडिंग वाहन तय सीमा से अधिक बाहर तक सामान लादकर चलता है। ऐसे वाहन सड़क पर दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ाते हैं, खासकर मोड़ लेते समय अन्य वाहन चालकों और राहगीरों के लिए गंभीर जोखिम पैदा करते हैं। कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम ने मौके पर वाहन को रोककर नियमों के उल्लंघन पर चालान किया और चालक को भविष्य में नियमों का पालन करने की सख्त चेतावनी दी।

## फ्लाइट कैंसिल की सूचना नहीं देने पर एयर इंडिया और ट्रैवल एजेंसी को 1.35 लाख रुपये का जुर्माना

चंडीगढ़/यूटर्न/4 अप्रैल। चंडीगढ़ स्थित स्टेट कंज्यूमर डिस्प्यूट्स रिड्रेसल कमीशन ने एयर इंडिया और अलहिंद टूर्स एंड ट्रैवल्स को फ्लाइट कैंसिल होने पर यात्री को सूचना न देने के मामले में दोषी पाया है। कमीशन ने दोनों पक्षों पर संयुक्त रूप से करीब 1.35 लाख रुपये का जुर्माना और हजार्ना लगाया है। शिकायतकर्ता सोहिल भसीन ने 21 मई 2022 को शारजाह में जरूरी बिजनेस मीटिंग अटेंड करनी थी। इसके लिए उन्होंने अलहिंद टूर्स एंड ट्रैवल्स के जरिए 20 मई 2022 की एयर इंडिया फ्लाइट की टिकट बुक की थी। दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचकर उन्हें पता चला कि फ्लाइट बिना किसी सूचना के कैंसल कर दी गई थी। उन्हें मजबूरी में दूसरी टिकट करीब 6,075 रुपये में खरीदनी पड़ी और मीटिंग मिस हो गई, जिससे आर्थिक नुकसान हुआ। एयरलाइन और ट्रैवल एजेंट ने अपने-अपने पक्ष में दलीलें दीं, लेकिन कमीशन ने दोनों की दलीलों को खारिज करते हुए कहा कि टिकट बेचने वाला एजेंट भी यात्री को सूचना देने का उत्तरदायी है। एयर इंडिया को भी दोषी मानते हुए अतिरिक्त टिकट किराया 6,075 रुपये ब्याज सहित लौटाने, मानसिक प्रताड़ना के लिए 1,00,000 रुपये और मुकदमे के खर्च के 35,000 रुपये देने का आदेश दिया गया। कमीशन ने स्पष्ट किया कि यात्री की संपर्क जानकारी होने के बावजूद बिना सूचना छोड़ना सेवा में कोताही है और दोनों पक्ष जिम्मेदार हैं।



# फिक्की फ्लो अमृतसर ने 2026-27 के लिए 'नवरस' रोडमैप की घोषणा की

अमृतसर,/यूटर्न/04 अप्रैल। फिक्की फ्लो अमृतसर ने आज 2026-27 कार्यकाल के लिए अपनी पहली मीडिया मीट आयोजित की, जिसमें चेयरपर्सन तान्या खन्ना और उनकी कार्यकारिणी टीम ने आने वाले वर्ष की रणनीतिक दृष्टि साझा की। ह्यनवरसह्न थीम के अंतर्गत, चैप्टर सांस्कृतिक विरासत, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और उन्नत तकनीक से जुड़े अनेक प्रयास शुरू करने जा रहा है।




### सांस्कृतिक पहचान और सदस्य विकास

चेयरपर्सन तान्या खन्ना ने ऐसी दृष्टि प्रस्तुत की जिसमें फ्लो सदस्यों का विकास हर परियोजना के केंद्र में है। वर्ष भर नेटवर्किंग कार्यक्रम, व्यावहारिक कार्यशालाएँ और गहन शिक्षण सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनका उद्देश्य पेशेवर कौशल और आपसी जुड़ाव को मजबूत करना है। इस वर्ष की एक प्रमुख पहल 'बैठक' परंपरा का पुनर्जीवन है—एक आत्मीय कलात्मक अनुभव, जो संगीत और कविता को श्रोताओं से गहराई से जोड़ता है। यह पहल दृश्य कला और पर्यटन को जोड़ते हुए एक सर्कुलर इकोनॉमी का रूप लेती है, जहाँ आतिथ्य क्षेत्र सीधे स्थानीय रचनाकारों को समर्थन देता है।

### जमीनी स्तर पर कौशल विकास और कृषि

स्किलिंग सेंटर ने पहले ही वंचित पृष्ठभूमि की 18 लड़कियों को उच्च-गुणवत्ता वाली सिलाई और उत्पादन का प्रशिक्षण देना शुरू कर दिया है। कृषि क्षेत्र भी अब संरचित, धरती से जुड़े प्रयासों की ओर बढ़ रहा है।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### गर्मी के मौसम में सर्दी और बर्फ पड़ना- यह किस ओर संकेत करता है?

आज के समय में मौसम के बदलते स्वरूप ने सभी को चिंतित कर दिया है। जहाँ पहले गर्मियों में तेज धूप और उच्च तापमान सामान्य बात थी, वहीं अब कई स्थानों पर गर्मी के मौसम में भी सर्दी और बर्फबारी देखने को मिल रही है। यह असामान्य परिवर्तन प्रकृति के असंतुलन की ओर संकेत करता है। इस प्रकार के मौसम परिवर्तन का मुख्य कारण जलवायु परिवर्तन (क्लाइमेट चेंज) है। मानव गतिविधियों जैसे अत्यधिक प्रदूषण, जंगलों की कटाई और औद्योगिक गैसों के उत्सर्जन ने वातावरण को प्रभावित किया है। इसके कारण पृथ्वी का तापमान संतुलित नहीं रह पा रहा, जिससे मौसम चक्र में गड़बड़ी हो रही है। गर्मी में सर्दी और बर्फ पड़ना यह दशार्ता है कि प्राकृतिक तंत्र कमजोर हो रहा है। यह भविष्य में गंभीर पर्यावरणीय संकट का संकेत भी हो सकता है, जिसका सबसे बड़ा कारण तो प्रकृति से छेड़ छाड़ करना और युद्ध में बेइंतहा बम्ब, गोला बारूद और मिसाइलें पर्यावरण को बिगाड़ रही है

इसके अलावा पहले से ही कुछ चिंता के विषय रहे हैं जैसे फसल उत्पादन में कमी, जल संकट और प्राकृतिक आपदाओं में वृद्धि। इस स्थिति से बचने के लिए हमें पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान देना होगा। पेड़ लगाना, प्रदूषण कम करना और ऊर्जा के स्वच्छ स्त्रोतों का उपयोग करना जरूरी है। और अब युद्ध की नहीं बल्कि बुद्ध की नीति अपना कर धरती को बचाने की जरूरत है। तभी हम प्रकृति का संतुलन बनाए रख सकते हैं।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

**FIR और Complaint में क्या अंतर है?**



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

कानून में अक्सर दो शब्द सुनने को मिलते हैं—FIR (First Information Report) और Complaint। दोनों का उद्देश्य अलग है और उनकी प्रक्रिया भी अलग होती है।

FIR पुलिस के पास दर्ज की जाती है, जब कोई cognizable offence (गंभीर अपराध) हुआ हो—जैसे चोरी, हत्या, धोखाधड़ी आदि। FIR दर्ज होने के बाद पुलिस जांच शुरू कर सकती है और आवश्यक कार्रवाई कर सकती है।

इसके विपरीत Complaint सीधे मजिस्ट्रेट के सामने दायर की जाती है। यह तब उपयोगी होती है, जब पुलिस FIR दर्ज नहीं करती या मामला ऐसा हो जिसमें अदालत की सीधी हस्तक्षेप की आवश्यकता हो। Complaint में व्यक्ति स्वयं अदालत को बताता है कि उसके साथ क्या हुआ और अदालत प्रारंभिक जांच के बाद आगे की कार्रवाई तय करती है।

यह समझना महत्वपूर्ण है कि FIR और Complaint दोनों अलग रास्ते हैं, लेकिन उद्देश्य न्याय प्राप्त करना ही है।

निष्कर्ष: FIR पुलिस के माध्यम से शुरू होती है, जबकि Complaint अदालत के माध्यम से। सही परिस्थिति में सही विकल्प चुनना ही प्रभावी परिणाम देता है।

# विकास को रफ्तार: मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए मंत्री अरोड़ा ने 4.10 करोड़ की सड़क परियोजनाओं की शुरूआत












लुधियाना, यूटर्न, 04 अप्रैल। कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ने शहर के विकास को गति देते हुए 4.10 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न सड़क परियोजनाओं का शुभारंभ किया। करीब 8 किलोमीटर लंबे इन विकास कार्यों के तहत लुधियाना वेस्ट के वार्ड 56, वार्ड न 57, वार्ड न 58, वार्ड 71 की न्यू बीआरएस नगर, शाम नगर, न्यू शाम नगर, राजगुरु नगर के एच जे और ब्लॉक जे की मुहय सड़क लोधी क्लब से नामदेव चौंक, बीआरएस नगर ब्लॉक ई, जॉन दी से फिरोजपुर रोड तक की सड़कों और मुख्य मार्गों का निर्माण व अपग्रेडेशन किया जाएगा, जिससे ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू होने के साथ नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। इन परियोजनाओं में न्यू बीआरएस नगर, शाम नगर, राजगुरु नगर, सराभा नगर और राख बाग जैसे प्रमुख इलाकों को शामिल किया गया है। मुख्य सड़कों के साथ-साथ कॉलोनियों की आंतरिक गलियों को भी मजबूत किया जा रहा है, जिससे स्थानीय स्तर पर कनेक्टिविटी बेहतर होगी।

मंत्री ने स्पष्ट किया कि सभी कार्य निर्धारित समय में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएंगे और किसी भी तरह की लापरवाही पर सख्त कार्रवाई होगी। ठेकेदारों को तीन वर्षों तक सड़कों के रखरखाव की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा राज्यभर में करीब 1300 करोड़ रुपये की लागत से सड़क ढांचे को मजबूत किया जा रहा है। यह पहल लुधियाना सहित पूरे पंजाब को आधुनिक, सुविधाजनक और विकसित शहरों की श्रेणी में लाने की दिशा में अहम साबित होगी।

# मोगा जा रहे किसानों की गिरफ्तारी के विरोध में भकियू ने फूंका सीएम का पुतला

लालड़ू/यूटर्न/04 अप्रैल। भारतीय किसान यूनियन एकता सिद्धूपुर के आह्वान पर मोहाली जिले के कन्वीनर जसविंदर सिंह टिवाना के नेतृत्व में किसानों ने आईटीआई चौंक लालड़ू मंडी पर मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान का पुतला जलाया गया। इस मौके पर किसानों ने जम कर सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की।



इस मौके पर जसविंदर सिंह टिवाणा सहित प्रेम सिंह राणा, गुरचरण सिंह जौला, परमजीत सिंहे बसौली ने बताया कि बैंक से टैक्स लेते समय लैंड मॉर्गेज बैंक समेत सभी बैंक किसानों की जमीन और नंबर गिरवी रख रहे हैं। बैंक किसानों को ब्लैकमेल करने के लिए खाली चेक ले रहे हैं। इस संबंध में किसान शंभू व खनौरी मोर्चे परे खेती और चोरी हुए अन्य सामान के बारे में सवाल पूछने जा रहे थे तो पुलिस ने किसानों को मोगा स्थित गिरफ्तार कर लिए गये जो किसानों के साथ अन्याय है। जिसे किसी भी किस्मत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस समय मौजूद किसान नेताओं और वर्करों ने नारेबाजी करते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान का पुतला जलाया गया। इस मौके पर मनजीत सिंह दप्पर, कुलदीप राणा लालड़ू, जसवंत सिंह आलमगीर, कुलविंदर सिंह आगापुर और अन्य सदस्य मौजूद थे।

# एमएस एनक्लेव में सौंदर्यीकरण अभियान की शुरूआत, मुख्य द्वार से हटाए पोस्टर-बैनर

## आरडब्ल्यूए की पहल–अब पिलर्स की पेंटिंग और एलईडी बोर्ड लगाने की तैयारी

जीरकपुर/यूटर्न/04 अप्रैल। शहर की प्रमुख रिहायशी कॉलोनी एमएस एनक्लेव को साफ-सुथरा और व्यवस्थित बनाने की दिशा में रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) ने सौंदर्यीकरण अभियान की शुरूआत कर दी है। शनिवार को अभियान के तहत कॉलोनी के मुख्य द्वार से अव्यवस्थित पोस्टर, बैनर और फ्लेक्स बोर्ड हटाए गए।



आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों ने बताया कि लंबे समय से मुख्य गेट पर लगे पोस्टर और फ्लेक्स कॉलोनी की सुंदरता को प्रभावित कर रहे थे। कई बार इनकी वजह से गेट का मूल स्वरूप भी दिखाई नहीं देता था। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए समिति ने सर्वसम्मति से इन्हें हटाने का निर्णय लिया। उन्होंने बताया कि यह पहल केवल पोस्टर हटाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे व्यापक सौंदर्यीकरण योजना के रूप में आगे बढ़ाया जा रहा है। इसके तहत रविवार को गेट के दोनों पिलर्स की पेंटिंग करवाई जाएगी, जिससे मुख्य द्वार को नया और आकर्षक रूप मिलेगा। इसके साथ ही आरडब्ल्यूए ने मुख्य द्वार पर एक आधुनिक एलईडी बोर्ड लगाने की योजना भी बनाई है। इस बोर्ड के माध्यम से कॉलोनी से जुड़ी जरूरी सूचनाएं, सार्वजनिक घोषणाएं और जागरूकता संदेश निवासियों तक आसानी से पहुंचाए जा सकेंगे, जिससे सूचना प्रणाली अधिक प्रभावी होगी।

आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों ने कहा कि कॉलोनी को स्वच्छ, सुंदर और सुव्यवस्थित बनाए रखना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने निवासियों से अपील की कि वे अनधिकृत पोस्टर या बैनर न लगाएं और स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें। समिति ने यह भी संकेत दिया कि भविष्य में कॉलोनी के अन्य हिस्सों में भी इसी तरह के सुधार कार्य किए जाएंगे, ताकि एमएस एनक्लेव को एक मॉडल कॉलोनी के रूप में विकसित किया जा सके।

इस दौरान आरडब्ल्यूए के सदस्य दिनेश भारद्वाज, दीपक कक्कड़, सरबजीत बराड़, नसीब सिंह, मंजीत बत्रा, उदयराज सिंह और ओम प्रकाश वर्मा सहित कई लोग अभियान में सक्रिय रूप से मौजूद।

# मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान 7 अप्रैल को शाम चौरासी विधानसभा क्षेत्र के लिए करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का रखेंगे नींव पत्थर: डॉ. रवजोत सिंह

## कई महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स की होगी शुरूआत, कैबिनेट मंत्री ने तैयारियों और प्रबंधों की की समीक्षा

दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/यूटर्न/04 अप्रैल। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान 7 अप्रैल को विधानसभा क्षेत्र शामचौरासी के लिए करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का नींव पत्थर रखेंगे और कई प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन भी करेंगे। इसके मद्देनजर निकटवर्ती गांव भीखोवाल में बड़ा समागम आयोजित होगा। पंजाब के संसदीय कार्य मामलों, प्रवासी भारतीय मामलों और जेल मंत्री डॉ. रवजोत सिंह ने आज समागम स्थल पर पहुंचकर प्रबंधों और तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान हरियाणा में 9 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से बनने वाले सी.एच.सी. का नींव पत्थर रखेंगे। इस प्रोजेक्ट के पूरा होने पर इलाके के 40 से अधिक गांवों को विभिन्न प्रकार की बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र के 7 गांवों में करीब 4 करोड़ रुपए की लागत से हेल्थ वेलनेस सेंटर बनाए जाएंगे, जिनकी शुरूआत मुख्यमंत्री द्वारा की जाएगी। डॉ. रवजोत सिंह ने आगे बताया कि हलके के कई गांवों में खेल मैदान बनाने के अलावा पब्लिक लाइब्रेरी भी बनाई जाएंगी और इन प्रोजेक्ट्स का नींव पत्थर भी मंगलवार को रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री होशियारपुर के लिए कई महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स की शुरूआत भी करवाएंगे। नगर सुधार ट्रस्ट के चेयरमैन गुरबिंदर सिंह पाबला, डिप्टी कमिश्नर आशिका जैन और अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर निकास कुमार सहित समागम स्थल पर पहुंचे कैबिनेट मंत्री ने कहा कि कार्यक्रम के प्रबंधों को समय पर निपटाया जाए।





# लुधियाना में LPG एजेंसियों की गड़बड़ियों का खुलासा, डिलीवरी में देरी और अधिक वसूली की मिली शिकायतें

लुधियाना/ यूटर्न/4 अप्रैल। लुधियाना में पहले से ही LPG की कमी, डिलीवरी में देरी और ब्लैक मार्केटिंग की आशंका से जूझ रहे उपभोक्ताओं के बीच अब गैस एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। जिला खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने मार्च में की गई जांच में कई एजेंसियों में गंभीर गड़बड़ियां पाई हैं और रिपोर्ट संबंधित ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को भेज दी है। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक सरताज सिंह चीमा ने बताया कि विभाग का काम निरीक्षण कर खामियां दर्ज करना और रिपोर्ट भेजना है, जबकि आगे की कार्रवाई कंपनियों के नियमों के अनुसार होगी। जांच में कैले गैस सर्विस में डिलीवरी में देरी और भारी भीड़ पाई गई। दिव्या इंडेन कार्यालय में कार्य बाधित मिला। ज्ञान गैस में स्टॉक और दस्तावेज में लापरवाही, सिलेंडर वजन में गड़बड़ी और अधिक वसूली जैसी शिकायतें सामने आई। नागरा HP में स्टॉक की कमी और 110 कमर्शियल सिलेंडर कम पाए गए। साहनेवाल में भुगतान के बाद भी सिलेंडर नहीं मिले।



विभाग ने रिपोर्ट कंपनियों को भेज दी है और कंपनियां नोटिस, जुमार्ना या लाइसेंस संबंधी कार्रवाई कर सकती हैं। इन खुलासों ने ऐसे समय में चिंता बढ़ा दी है जब शहर में पहले ही LPG सप्लाई को लेकर अनिश्चितता है। उपभोक्ताओं का भरोसा एजेंसियों की लापरवाही से प्रभावित हो रहा है।

# खेतों में मिली युवक की लाश, जहरीला पदार्थ खाने की आशंका

लुधियाना/यूटर्न/4 अप्रैल। जगराओं के गांव सिधवां कलां-बरसाल लिंक रोड पर खेतों में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिली है। मृतक की पहचान गांव चीमना निवासी परमवीर सिंह के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलने पर थाना सदर की पुलिस मौके पर पहुंची और लाश को कब्जे में ले लिया। लाश को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल में रखवाया गया है। थाना सदर के प्रभारी सुरजीत सिंह ने बताया कि पुलिस को खेतों में एक युवक की लाश पड़े होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू की। जांच अधिकारी के अनुसार, प्रारंभिक जांच में आशंका है कि मृतक ने संभवतः कोई जहरीला पदार्थ निगल लिया हो। हालांकि, मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही होगा।



# हेल्थ कार्ड के बावजूद इलाज से इनकार, अमृतसर के निजी अस्पताल में हंगामा

अमृतसर/ यूटर्न/4 अप्रैल।अमृतसर में सरकार की स्वास्थ्य योजना के बाद भी एक परिवार को अपने बीमार बच्चे के इलाज के लिए संघर्ष करना पड़ा। यह घटना अमृतसर के गांव मकबूलपुरा के एक निजी अस्पताल में हुयी ,जहां 10 लाख के मुफत इलाज वाले हेल्थ कार्ड के बावजूद भी अस्पताल प्रशासन ने इंकार कर दिया। जिस कारण अस्पताल में काफी हंगामा हुआ। पीड़ित परिवार की सदस्य मनीषा ने बताया के वह अपने बीमार बच्चे का इलाज अगल-अगल अस्पतालों से करवा रहे है और इस बार सरकारी योजना से राहत की उम्मीद थी , लेकिन अस्पताल ने इंकार करके उनकी समस्या बड़ा दी। मामले की जानकारी मिलते ही आम आदमी पार्टी के स्थानीय नेता कमल कुमार मोके पर पहुंचे और अस्पताल प्रबंधन को योजनाओं को सही ढंग से लागु न करने का आरोप लगाया। विवाद बढ़ने पर विधायक जीवनजोत भी वहां पहुंची और इसे गतलफहमी का मामला बताया। अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. ऋषभ ने कहा कि मरीज की बीमारी योजना के तहत कवर नहीं थी ,इसलिए इलाज संभव नहीं था। उन्होंने बताया के अब मरीज को इलाज के लिए उच्च केंद्र पर रेफर कर दिया गया और मामला सुलझ गया है।



# किसानों को गेहूं खरीद में नहीं होगी कोई परेशानी: मान

पंजाब/ यूटर्न/4 अप्रैल। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने शनिवार को मोगा में एक विशाल रैली संबोधित करते हुए बड़ी घोषणाएं कीं। उन्होंने ने आढ़तियों को भरोसा दिया कि किसानों को गेहूं खरीद में कोई दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। हड़ताल में शामिल न होने वाले आढ़तियों को अगले सीजन में धान के आवंटन में प्राथमिकता दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने 13 अप्रैल से 30 दिन तकसीम योजना शुरू करने का ऐलान किया, जिसके तहत किसानों की जमीन का बंटवारा 30 दिनों के भीतर किया जाएगा। इसका उद्देश्य लंबे समय से लंबित भूमि विवादों को समाप्त करना है। उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए बताया कि 90% घरों को मुफ्त बिजली, 65,000 नौकरियां और 43,000 किलोमीटर सड़कों का सुधार किया गया है। मान ने विपक्षी दलों कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी और शिरोमणि अकाली दल पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि ये दल जमीनी हकीकत से दूर हैं और केवल आम आदमी पार्टी को घेरने में लगे हैं।



Uturn Time 05 Apr 2026_Layout 2 04-04-2026 22:54 Page 8



# नेशनल ह्यूमन राइट्स सोशल जस्टिस कॉउन्सिल ऑफ इंडिया की चंडीगढ़ इकाई की नई कार्यकारिणी की घोषणा

## एस ए खान को सौंपी गई अध्यक्ष पद की कमान, जीशान उल हक जनरल सेक्रेटरी नियुक्त



चंडीगढ़/यूटर्न/04 अप्रैल। नेशनल ह्यूमन राइट्स सोशल जस्टिस काउंसिल ऑफ इंडिया, चंडीगढ़ की एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता में चंडीगढ़ में आयोजित हुई। श्री कमल कांत जैन परिजाइडिंग ऑफिसर, केंद्रीय सरकार औद्योगिक न्यायाधिकरण-सह-श्रम न्यायालय, चंडीगढ़ एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश (सेवानिवृत्त) कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थे और उन्होंने नव-नियुक्त कार्यकारिणी का अभिनंदन किया। नवनियुक्त प्रेसिडेंट एस ए खान की अध्यक्षता में गठित नई कार्यकारिणी में राकेश के शर्मा, गुलशन वर्मा और अशोक कुमार गोयल को स्टेट कोऑर्डिनेटर बनाया गया है। जसपाल सिंह को स्टेट ऑब्जर्वर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मानव बेदी को वाईस चेयरमैन नियुक्त किया गया है। मनमोहन सिंह को सीनियर वाईस प्रेसिडेंट, विकार अहमद को वाईस प्रेसिडेंट, जीशान उल हक को जनरल सेक्रेटरी, संजीव कपूर को फाइनेंस सेक्रेटरी, आरिफ हुसैन - निर्मल सिंह और सुरेश कुमार बंसल को सेक्रेटरी, पुनीत मोहन सिंह को ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी और अजय कुमार व साहिल बेदी को प्रेस सेक्रेटरी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा रामदीप सिंह, अतुल राय मरवाहा और गुरमीत सिंह काका संस्था में नए सदस्य शामिल हुए है।

# सांसद डॉ. चब्बेवाल ने फगवाड़ा में दो ऐतिहासिक सड़कों का रखा नींव पत्थर

शिव कौड़ा



फगवाड़ा। आम आदमी पार्टी के लोकसभा में उप नेता व होशियारपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद डॉ राज कुमार चब्बेवाल के अथक प्रयासों व मेहनत से फगवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में लंबे समय से लंबित दो ऐतिहासिक महत्व रखने वाली सड़कों का निर्माण अब बहुत जल्द शुरू किया जा रहा है शुक्रवार को सांसद डॉ चब्बेवाल ने इन सड़कों के निर्माण कार्य की शुरूआत का नींव पत्थर रखा इस दौरान आम आदमी पार्टी के जिला प्रधान सर्वजीत सिंह लुबाना,पूर्व मंत्री जोगिंदर सिंह मान व आप के हलका इंचार्ज हरनूर सिंह हरजी मान भी विशेष तौर पर मौजूद रहे सांसद डॉ राज कुमार चब्बेवाल ने कहा कि इन दोनों ग्रामीण सड़को के निर्माण कार्य पर 9.45 करोड़ रुपये खर्च होंगे और इन सड़कों के काम को शुरू कर जल्द से जल्द मुक्कमल कर दिया जाएगा। सांसद डॉ.चब्बेवाल ने बताया कि पहली सड़क गांव मौली से पंडवा व जगतपुर जट्टा से होते हुए फगवाड़ा-नकोदर रोड पर मिलेगी। संत महापुरुषों की मांग पर बनने वाली इस सड़क का नाम संत दलेर सिंह मार्ग रखा गया है। उन्होंने बताया कि इस सड़क की लंबाई 9.30 किलोमीटर हैं और सड़क की चौड़ाई 18 फुट रहेगी।

# दो स्कूलों के विवाद में फंसे छात्रों का भविष्य, अभिभावकों का हंगामा

## फ्रेंचाइजी एग्रीमेंट की शर्तों से परेशान पेरेंट्स, एसपी कार्यालय पहुंचकर लगाई गुहार




SATLUJ WORLD SCHOOL

SCHOOL LEAVING CERTIFICATE

जीरकपुर/यूटर्न/04 अप्रैल। गांव सुंडरा स्थित सतलुज वर्ल्ड स्कूल और पंचकूला के सेक्टर-4 स्थित सतलुज पब्लिक स्कूल के बीच फ्रेंचाइजी एग्रीमेंट का विवाद अब छात्रों के भविष्य पर भारी पड़ता नजर आ रहा है। एक स्कूल से दूसरे स्कूल में दाखिला लेने वाले करीब दो दर्जन विद्यार्थियों को इस विवाद का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है, जिससे अभिभावकों में भारी रोष देखने को मिला।

जानकारी के अनुसार, सतलुज वर्ल्ड स्कूल ने कुछ वर्ष पहले सतलुज पब्लिक स्कूल, पंचकूला से फ्रेंचाइजी एग्रीमेंट किया था। अब जब कई छात्र सुंडरा स्कूल छोड़कर पंचकूला स्कूल में दाखिला ले चुके हैं, तो उन्हें एनओसी (नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट) की शर्तों के चलते परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आरोप है कि बिना एनओसी दाखिला प्रक्रिया पूरी नहीं हो पा रही, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

शनिवार को गुस्साए अभिभावक सतलुज वर्ल्ड स्कूल पहुंचे और स्कूल प्रबंधन के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रबंधन और पेरेंट्स के बीच तीखी बहस भी हुई। स्थिति बिगड़ती देख स्कूल प्रशासन ने पुलिस को बुलाया, जिसके बाद मामला शांत कराया गया। इसके बाद अभिभावक एसपी कार्यालय पहुंचे और अपनी शिकायत पुलिस अधिकारियों को सौंपी। पेरेंट्स का कहना है कि उन्हें फ्रेंचाइजी एग्रीमेंट की शर्तों के बारे में पहले से सही जानकारी नहीं दी गई। अब दो स्कूलों के बीच के नियमों का असर उनके बच्चों के भविष्य पर पड़ रहा है, जो पूरी तरह अनुचित है। उन्होंने साफ कहा कि वे अपने बच्चों की शिक्षा के साथ किसी तरह का समझौता नहीं करेंगे और जरूरत पड़ी तो मामले को उच्च स्तर तक ले जाएंगे। वहीं, सतलुज वर्ल्ड स्कूल की डायरेक्टर डॉ. रुबी शर्मा का कहना है कि एग्रीमेंट के तहत यदि यहां से छात्र पंचकूला स्कूल में दाखिला लेते हैं, तो स्कूल को भारी भरकम डैमेज देना पड़ता है। इसी कारण एनओसी की मांग की जा रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कुछ लोग अभिभावकों और स्थानीय लोगों को गुमराह कर रहे हैं। फिलहाल यह मामला पुलिस तक पहुंच चुका है और अभिभावक अपने बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित हैं।

# बस यात्रियों के लिए खुशखबरी: चंडीगढ़ में लागू हुआ संयुक्त शेड्यूल



चंडीगढ़/ यूटर्न/4 अप्रैल। चंडीगढ़ प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा बढ़ाने और विभिन्न राज्यों की बस सेवाओं के बीच लंबे समय से चले आ रहे विवाद को खत्म करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। प्रशासन ने हरियाणा सहित पांच राज्यों के नौ प्रमुख रूटों पर जॉइंट टाइम टेबल लागू कर दिया है, जिससे बस संचालन अब अधिक व्यवस्थित और समयबद्ध होगा। ट्रांसपोर्ट विभाग ने आईएसबीटी सेक्टर-17 और आईएसबीटी सेक्टर-43 से चलने वाली स्टेज कैरिज बसों की समय सारिणी को अंतिम रूप दे दिया है। अधिकारियों के अनुसार, अन्य रूटों के लिए भी जल्द ही इसी तरह का टाइम टेबल लागू किया जाएगा। यह शेड्यूल सीटीयू, हरियाणा रोडवेज, पंजाब रोडवेज, पीआरटीसी पीईपीएसयू, राजस्थान रोडवेज, हिमाचल पथ परिवहन निगम, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश रोडवेज की सहमति से तैयार किया गया है। इस फैसले से बसें तय समय के अनुसार चलेंगी, जिससे यात्रियों को लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। साथ ही अलग-अलग राज्यों के ऑपरेटरों के बीच होने वाले विवाद और भ्रम भी समाप्त होंगे। परिणामस्वरूप यात्रियों को पहले की तुलना में अधिक सुगम, नियमित और भरोसेमंद यात्रा सुविधा मिल सकेगी।

# शकी हालातों में महिला की मौत, मायके वालों ने रुकवाया संस्कार, पति पर आरोप



लुधियाना/यूटर्न/4 अप्रैल। जवाहर नगर में शनिवार को महिला की शकी हालातों में मौत हो गई। मृतका की पहचान 48 वर्षीय हरजिंदर कौर उर्फ रानी के रूप में हुई है। ससुराल वाले महिला का संस्कार करने जा रहे थे। लेकिन मौके पर पहुंचे मायके परिवार ने ससुराल पक्ष पर हत्या के गंभीर आरोप लगाते हुए जबरन किए जा रहे अंतिम संस्कार को रुकवा दिया। जिसके बाद थाना डिवीजन नंबर पांच की पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मायके वालों के अनुसार महिला के साथ उसके पति ने मारपीट की। उसके शरीर पर चोट के निशान हैं। मृतका के जीजा राजीव कुमार ने बताया कि उनकी साली रानी तीन दिन पहले ही गांव से लुधियाना वापस आई थी। उस समय वह परेशान लग रही थी। राजीव के अनुसार रानी का पति अकसर उसके साथ मारपीट और झगड़ा करता था लेकिन हर बार परिवार वाले समझा-बुझाकर उसे वापस भेज देते थे। राजीव ने सनसनीखेज खुलासा करते हुए कहा, मेरी साली ने बताया था कि उसके पति के किसी अन्य महिला के साथ अवैध संबंध हैं। जिसके चलते वह उसे तलाक देने की धमकी देता था। बीती रात जब मैंने अपने जीजा को फोन किया तो उन्होंने टालमटोल करते हुए सिर्फ इतना कहा कि घर आ जाओ, रानी की मौत हो गई है।

Uturn Time 05 Apr 2026_Layout 2 04-04-2026 22:54 Page 9



# लाइव शो में हंगामा, युवक ने स्टेज पर पहुंचकर सुनंदा शर्मा को छूने की कोशिश

पंजाब/ यूटर्न/4 अप्रैल।पंजाबी सिंगर सुनंदा शर्मा का गाजियाबाद में लाइव शो उस समय अचानक रद्द करना पड़ा, जब एक युवक स्टेज पर चढ़ गया और उनके करीब पहुंचकर उन्हें छूने की कोशिश करने लगा।

3 अप्रैल की रात आरकेजीआईटी कॉलेज में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान यह घटना हुई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सुनंदा शर्मा स्टेज पर परफॉर्म कर रही थीं और दर्शकों के साथ जुड़ रही थीं, तभी एक युवक सिक्योरिटी को चकमा देकर अचानक स्टेज पर पहुंच गया। वह तेजी से उनकी ओर बढ़ा और उनके पैरों में गिरने लगा। इस अप्रत्याशित



हरकत से घबराकर सिंगर जोर से चीख पड़ीं और तुरंत स्टेज छोड़कर पीछे चली गईं। माइक ऑन होने के कारण उनकी चीख पूरे कार्यक्रम में सुनाई दी।

घटना के बाद भी युवक करीब दो मिनट तक स्टेज पर रहा और शाहरुख खान के सिग्नेचर अंदाज में बाहें फैलाकर खड़ा हो गया। इसके बाद बाउंसर और पुलिस मौके पर पहुंचे और उसे पकड़कर नीचे उतारा। घटना से डरी सुनंदा शर्मा दोबारा स्टेज पर नहीं लौटीं, जिसके चलते शो को बीच में ही रद्द कर दिया गया। इस फैसले से वहां मौजूद छात्र निराश होकर लौट गए। फिलहाल पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

# ग्रेटर बठिंडा में 2 करोड़ की लागत से बन रहा आधुनिक नेचर पार्क, मेयर पदमजीत सिंह मेहता ने रखा नींव पत्थर






सोनू टुटेजा
बठिंडा/यूटर्न/04 अप्रैल। शहर के विकास को नई दिशा देते हुए मेयर श्री पदमजीत सिंह मेहता ने वार्ड नंबर 48 में अर्जुन नगर के समीप सरहिंद नहर के किनारे करीब 2 करोड़ रुपये की लागत से बनने जा रहे आधुनिक नेचर पार्क का नींव पत्थर रखा। इस अवसर पर उनके साथ पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन के प्रधान श्री अमरजीत मेहता सहित मेयर श्री मेहता की पूरी टीम और इलाके के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मेयर श्री मेहता ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान द्वारा प्रदेश को ह्नरंगला पंजाबह्न बनाने के उद्देश्य से लगातार विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में राज्य के नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए हर शहर में विभिन्न योजनाएं शुरू की गई हैं। उन्होंने बताया कि बठिंडा शहर को एक आधुनिक और सुविधाजनक शहर बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा नगर निगम को लगातार फंड जारी किया जा रहा है, जिसके चलते कई बड़ी परियोजनाओं पर तेजी से काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि आज जिस नेचर पार्क का नींव पत्थर रखा गया है, उसका निर्माण कार्य भी शुरू हो चुका है।

मेयर ने जानकारी दी कि सरहिंद नहर के किनारे करीब 4 किलोमीटर तक विकसित किए जा रहे इस आधुनिक नेचर पार्क से ग्रेटर बठिंडा के लगभग 17 वार्डों की जनता को सीधा लाभ मिलेगा। यहां लोग स्वच्छ वातावरण में सैर का आनंद ले सकेंगे और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी। इस दौरान पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन के प्रधान श्री अमरजीत मेहता ने कहा कि मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान, आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो श्री अरविंद केजरीवाल के कुशल नेतृत्व और मेयर श्री पदमजीत सिंह मेहता की देखरेख में बठिंडा शहर ने पिछले एक वर्ष में रिकॉर्ड विकास किया है। उन्होंने कहा कि कई बड़ी परियोजनाएं शुरू हो चुकी हैं, जो शहर के स्वरूप को बदलने में अहम भूमिका निभाएंगी। उन्होंने यह भी कहा कि यह नेचर पार्क विशेष रूप से लाइनों पार क्षेत्र, जिसे नगर निगम ने 'ग्रेटर बठिंडा' का नाम दिया है, के निवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण सौगात साबित होगा और लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने में अहम भूमिका निभाएगा।

# उपनेता पद से हटे राघव चड्ढा, पार्टी में उठे सवाल

पंजाब/ यूटर्न/4 अप्रैल। पंजाब से आप के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा इन दिनों सुर्खियों में हैं। उनकी ही पार्टी ने उन्हें राज्यसभा के उपनेता पद से हटाने और बोलने का समय सीमित करने का फैसला लिया है। इसके बाद राघव चड्ढा ने एक वीडियो जारी कर पार्टी पर ही सवाल खड़े किए और जनहित के मुद्दों को लेकर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने चेतावनी भरे अंदाज में कहा कि वे ह्नदरियाह्न हैं, जो सैलाब बनकर भी आ सकते हैं। गौरतलब है कि 2022 के पंजाब विधानसभा चुनाव के दौरान राघव चड्ढा पार्टी का प्रमुख चेहरा थे।



चुनाव प्रचार से लेकर सरकार बनने के बाद तक उनकी भूमिका बेहद अहम रही। विरोधी दल यह तक कहते थे कि पंजाब की मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली सरकार 'रिमोट कंट्रोल' से चलाई जा रही है। राघव चड्ढा की शादी भी दिल्ली के कपूरथला हाउस में हुई थी, जिसमें राज्य सरकार की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली थी। उस समय पार्टी ने विपक्ष की आलोचनाओं को ज्यादा महत्व नहीं दिया था। हालांकि चार साल बाद हालात पूरी तरह बदल गए हैं। अब पार्टी के भीतर ही उनके खिलाफ बयानबाजी हो रही है। इस पूरे विवाद की असली वजह पर अभी तक न तो राघव चड्ढा और न ही पार्टी की ओर से कोई स्पष्ट बयान सामने आया है, लेकिन मौजूदा घटनाक्रम राजनीतिक तनाव के संकेत जरूर दे रहा है।

# गेहूं की फसल पर खतरा, पंजाब में तेज हवाओं और बारिश का अलर्ट



पंजाब/ यूटर्न/4 अप्रैल।पंजाब में गुरुवार को मौसम बहुत गर्म था तापमान 36.8 डिग्री तक पहुँच गया था , लेकिन अब गर्मी से राहत मिलने की सभावना है। पंजाब में मौसम विभाग ने 2 दिन का अलर्ट जारी क्र दिया है। 50 से 60 किलोमीटर की रफ़्तार से हवाएं चलेगी , ओले और बारिश होगी। इससे तापमान में 3 से 5 डिग्री तक की कमी आ सकती है। पंजाब में किसानो के लिए चिंता बढ़ सकती है , क्योंकि गेहूं की फसले पूरी तरह तैयार है। मौसम विभाग के मुताबिक 7 अप्रैल से पंजाब में फिर एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है, जिसके असर से दो दिन 30 से 40 किलोमीटर की रफ्तार से तेज हवाएं चलेंगी और बारिश पड़ेगी।

# हरमंदिर साहिब पहुंचे यूपी मंत्री बलदेव सिंह औलख,इसजीपीसी ने किया सम्मान



अमृतसर/ यूटर्न/4 अप्रैल। उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री बलदेव सिंह औलख अपने परिवार के साथ शनिवार को हरमंदिर साहिब दर्शन करने पहुंचे। दर्शन के बाद वह शिरोमणि गुरुदवारा प्रबंध्क कमेटी कार्यालय पहुंचे , वहां उन्हें कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधान धामी ने बताया के उत्तर प्रदेश में श्री गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहादत शताब्दी के लिए डोबड़ी साहिब, असम से आए नगर कीर्तन का स्वागत मंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार ने भव्य रूप से किया था। मंत्री बलदेव सिंह औलख और उनके परिवार ने नगर कीर्तन के दौरान सेवाओं में निरंतर योगदान दिया। बलदेव सिंह ने शिरोमणी कमेटी के अध्यक्ष और सभी सहयोगियों का धन्यवाद किया और कहा कि गोल्डन टेंपल केवल सिखों के लिए ही नहीं, बल्कि पूरी मानवता के लिए साझा केंद्र है।

# मोगा में बहु-करोड़ी परियोजनाओं का आगाज, सीएम भगवंत मान ने विकास को दी नई रफ्तार

लुधियाना/यूटर्न/04 अप्रैल। पंजाब में भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। मोगा में मुख्यमंत्री ने बहु-करोड़ी परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करते हुए राज्य के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम उठाए। नगर निगम मोगा के तहत 7.58 करोड़ रुपये की लागत से सड़कों को अपग्रेड किया जाएगा, जबकि मोगा-कोटकपूरा, मोगा-खोसा पांडो और जीरा सड़कों को भी उच्च गुणवत्ता वाले मार्गों में विकसित किया जाएगा। इसके अलावा, 18.80 करोड़ रुपये की लागत से बिजली विभाग के प्रोजेक्ट शुरू किए गए हैं, जिनमें आधुनिक पावर ग्रिड और ट्रांसफार्मर स्थापना शामिल है। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि 13 अप्रैल से नई तक्सीम (विभाजन) योजना शुरू होगी, जिसके तहत लोग आपसी सहमति से 30 दिनों के भीतर जमीन का बंटवारा करवा सकेंगे।

# सेक्टर-56 में सांसद मनीष तिवारी ने एमपीएलएडीएस के तहत विकास कार्यों का उद्घाटन किया

चंडीगढ़/यूटर्न/04 अप्रैल। सेक्टर-56 में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में अहम कदम उठाते हुए सांसद मनीष तिवारी ने एमपीएलएडीएस योजना के तहत विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इस मौके पर क्षेत्र पार्षद मनौर, नगर निगम के अधिकारी और स्थानीय निवासी मौजूद रहे। उद्घाटन किए गए कार्यों में ईडब्ल्यूएस (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) के मकान नंबर 6721 से 6732 तक सीवरेज पाइपलाइन बिछाना और 6701 से 6780 तक के 320



फ्लैट्स के लिए वाटर मीटर चैंबर का निर्माण व ऊंचाई बढ़ाना शामिल है।

करीब 13.63 लाख रुपये की स्वीकृत लागत वाले इस प्रोजेक्ट पर 12.30 लाख रुपये खर्च किए गए। इन कार्यों का उद्देश्य सीवरेज लीकेज से जलापूर्ति लाइनों के दूषित होने की समस्या को रोकना और स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाना है।

इस अवसर पर सांसद ने कहा कि बुनियादी सुविधाओं का सुदृढ़ होना लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए बेहद जरूरी है और ऐसे कार्य प्राथमिकता के आधार पर जारी रहेंगे। वहीं, क्षेत्र पार्षद मनौर ने सांसद का आभार जताते हुए कहा कि इन कार्यों के पूरा होने से क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही सीवरेज और पानी प्रबंधन की समस्याओं का समाधान हुआ है। कार्यक्रम में नगर निगम के पब्लिक हेल्थ विभाग के अधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# डाबर पुदीन हरा ने किया वंडर हर्ब : पुदीने के महत्व को प्रतिष्ठित

चंडीगढ़/यूटर्न/04 अप्रैल। आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों के लाभों का प्रचार करने के अपने मिशन में आगे बढ़ाते हुए भारत की सबसे बड़ी विज्ञान आधारित आयुर्वेद कंपनी, डाबर इंडिया लिमिटेड ने पुदीना को एक आश्चर्यजनक जड़ी बूटी के रूप में प्रतिष्ठित करने के लिए एक अभियान शुरू किया। आज यहां आयोजित एक कार्यक्रम में इस अभियान की शुरूआत की गयी। इस मौके पर डा. तन्वी अरोड़ा, डाबर इण्डिया लिमिटेड, कॉर्पोरेट




कम्युनिकेशस के मैनेजर दिनेश कुमार मौजूद थे। इस मौके पर पुदीना की उपयोगिता को लेकर डा तन्वी अरोड़ा ने बताया कि पुदीना एंटीऑक्सिडेंट्स और फाइटोन्यूट्रिएंट्स युक्त होता है जो मानव पेट के लिए खासकर तेज गर्मी के दौरान चमत्कार कर सकते हैं, गर्म-लहरों और बढ़ते पारा के स्तर की त्वरित आवृत्ति के साथ, गर्मियों के मौसम के दौरान स्वास्थ्य समस्याएं आम हो गई हैं। इस तीव्र मौसम में संभावित स्वास्थ्य समस्याओं को देखते हुए, डाबर उन लोगों को पुदीना के उपयोग की सलाह देते हैं जो दिन में लंबे समय तक धूप में रहते हैं और आम गर्मी की बीमारियों के शिकार होते हैं। कार्यक्रम में बोलते हुए, डाबर इंडिया लिमिटेड, डायरेक्टर-मार्केटिंग, श्री श्रीराम पद्मनाभन ने कहा: जीवन शैली में विकसित रुझानों और उपभोक्ताओं के काम का पैटर्न देखने पर पता चलता है कि आज सभी बहु-मुखी कार्य कर रहे हैं और इसलिए उन्हें प्रभावी और प्राकृतिक समाधान की आवश्यकता होती है।

## पंजाब निवेश का उभरता हब: कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा संग उद्योगपतियों व हेल्थकेयर लीडर्स की अहम बैठक

लुधियाना/यूटर्न/04 अप्रैल। 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' के मोर्चे पर पंजाब तेजी से देशभर के निवेशकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनता जा रहा है। इसी कड़ी में संजेव अरोड़ा से मुलाकात के लिए देश के दिग्गज उद्योगपति और हेल्थकेयर सेक्टर के प्रमुख चेहरे लुधियाना पहुंचे। बैठक में मेदांता के प्रमुख डॉ. नरेश त्रेहान, आरजे कॉर्प के रवि जयपुरिया, लेमन ट्री होटल्स के पतनजली



केसवानी और मेदांता के डॉ. संदीप साहनी शामिल रहे। बैठक के दौरान पंजाब को निवेश के प्रमुख गंतव्य के रूप में विकसित करने, विशेषकर हेल्थकेयर सेक्टर में बड़े निवेश, अत्याधुनिक अस्पतालों की स्थापना और इंफ्रास्ट्रक्चर सुदृढ़ीकरण पर गहन चर्चा हुई। मंत्री अरोड़ा ने कहा कि राज्य सरकार उद्योग-अनुकूल नीतियों, पारदर्शी प्रक्रियाओं और बेहतर सुविधाओं के माध्यम से निवेशकों को हर संभव सहयोग प्रदान कर रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस तरह की उच्चस्तरीय बैठकों से पंजाब में निवेश को नई गति मिलेगी, जिससे रोजगार सृजन के साथ-साथ राज्य की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

# सेक्टर 31 थाना पुलिस ने 24 घंटे के अंदर स्नैचर को दबोचा, एक्टिवा बरामद

चंडीगढ़ /यूटर्न/04 अप्रैल। चंडीगढ़ पुलिस ने असामाजिक तत्वों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए स्नैचिंग की वारदात को 24 घंटे के भीतर सुलझा लिया। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लूटा गया मोबाइल फोन, आधार कार्ड और वारदात में इस्तेमाल एक्टिवा बरामद की है। पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई एसएसपी कंवरदीप कौर के निर्देशों, एसपी सिटी केएम प्रियंका के मार्गदर्शन और एसडीपीओ साउथ गुरजीत कौर की निगरानी में की गई। सेक्टर-31 थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राजीव कुमार के नेतृत्व में टीम ने रामदरबार निवासी आरोपी विकास को गिरफ्तार किया।



## क्या था मामला

पीड़ित कपिल देव, जो इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1 में एक निजी कंपनी में काम करते हैं, ने शिकायत में बताया कि 2 अप्रैल की शाम करीब 4:30 बजे जब वह ड्यूटी के बाद घर लौट रहे थे, तो ट्रिब्यून चौक के पास दो युवक बिना नंबर प्लेट वाली लाल एक्टिवा पर आए। पीछे बैठे युवक ने उनका मोबाइल फोन झपट लिया, जिसमें उनका आधार कार्ड भी रखा हुआ था, और दोनों मौके से फरार हो गए।

## ऐसे पकड़ में आया आरोपी

मामले की जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी और मानवीय सूचना के आधार पर 4 अप्रैल को आरोपी विकास को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से सफेद रंग का ओप्पो मोबाइल फोन, आधार कार्ड और वारदात में इस्तेमाल लाल एक्टिवा बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। आरोपी 9वीं पास है और एक सैलून में काम करता था। उसका कोई पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड नहीं पाया गया है। पुलिस का कहना है कि शहर में स्नैचिंग और अन्य अपराधों पर लगाम लगाने के लिए विशेष अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# झाड़ियों में बैठकर नशा कर रहा नशेड़ी गिरफ्तार, पर्चा

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/4/अप्रैल। थाना सिटी जगरांव पुलिस ने गश्त के दौरान एक व्यक्ति को नशा करते हुए रंगे हाथों काबू किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर लिया है। मामले के जांच अधिकारी एएसआई रणधीर सिंह ने बताया कि वह अपने साथी कर्मचारियों के साथ संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग के लिए गश्त पर निकले हुए थे। जब पुलिस टीम कोठा खंजूरा से अलीगढ़ रोड पर पहुंची, तो वहां घास-फूस और झाड़ियों में एक व्यक्ति नशा करता दिखाई दिया। एएसआई रणधीर सिंह के अनुसार उन्होंने तुरंत वाहन रुकवाकर अपने साथी कर्मचारियों की मदद से उक्त व्यक्ति को काबू कर लिया। आरोपी ने नशा करने के लिए इस्तेमाल की जा रही सामग्री को छुपाने की कोशिश की और घबरा गया।

# सेक्टर-37 भाजपा कार्यालय ग्रेनेड हमले का खुलासा: 5 आरोपी गिरफ्तार, जिंदा हैंड ग्रेनेड और कारतूस बरामद

चंडीगढ़/यूटर्न/04 अप्रैल। चंडीगढ़ पुलिस और पंजाब पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में सेक्टर-37 स्थित भाजपा कार्यालय पर हुए ग्रेनेड हमले के मामले को सुलझा लिया गया है। पुलिस ने इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक जिंदा हैंड ग्रेनेड और अन्य गोला-बारूद बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बलविंदर लाल उर्फ शामी, जसवीर सिंह उर्फ जस्सी, चरणजीत सिंह उर्फ चन्नी, रूबल चौहान और मनदीप उर्फ



अभिजोत शर्मा के रूप में हुई है। वहीं, हमले में शामिल दो मुख्य आरोपी गुरतेज सिंह और अमनप्रीत सिंह फिलहाल फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह पूरा मॉड्यूल इंटर -सर्विसेज इंटेलीजेंस (पाक-आईएसआई) से जुड़ा हुआ था और इसके तार विदेश में बैठे हैंडलरस से जुड़े हैं, जो पुर्तगाल और जर्मनी से ऑपरेट कर रहे थे। आरोपियों ने एक संगठित नेटवर्क के तहत इस हमले को अंजाम दिया। जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपियों ने हैंड ग्रेनेड, हथियार और जिंदा कारतूसों की खेप को विभिन्न माध्यमों से एक-दूसरे तक पहुंचाया, जिसके बाद अंतिम हमलावरों को सौंपा गया। पुर्तगाल में बैठे हैंडलर बलजोत सिंह उर्फ जोत के निर्देश पर पूरे ऑपरेशन को अंजाम दिया गया। पुलिस ने जांच के दौरान एक जिंदा हैंड ग्रेनेड और 15 जिंदा .30 बोर कारतूस बरामद किए हैं। मामले में आगे की जांच जारी है, जिसमें पूरे नेटवर्क, सप्लाई चेन और अन्य जुड़े लोगों की पहचान की जा रही है। पुलिस का कहना है कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान तेज कर दिया गया है और जल्द ही पूरे मॉड्यूल का पदार्फाश किया जाएगा।

Uturn Time 05 Apr 2026_Layout 2 04-04-2026 22:54 Page 11



# एकेएस-1 में सीवरेज समस्या का समाधान, लोगों ने ली राहत की सांस

## पार्षद रेणु नेहरू की पहल पर नगर परिषद ने की सफाई, जाम लाइनें खोलीं



जीरकपुर/यूटर्न/04 अप्रैल। शहर के एकेएस-1 क्षेत्र में लंबे समय से बनी हुई सीवरेज की गंभीर समस्या का आखिरकार समाधान हो गया है। इस समस्या से परेशान स्थानीय निवासी कई बार शिकायत कर चुके थे, लेकिन समाधान नहीं हो पा रहा था। स्थानीय लोगों ने अपनी समस्या वार्ड पार्षद रेणु नेहरू के सामने रखी। निवासियों की परेशानी को गंभीरता से लेते हुए पार्षद ने तुरंत नगर परिषद अधिकारियों को सूचित किया और समस्या के जल्द समाधान की मांग की। शनिवार को नगर परिषद की टीम एकेएस-1 क्षेत्र में पहुंची और सीवरेज लाइन की सफाई का काम शुरू किया। टीम ने इलाके में जाम पड़ी सीवरेज लाइनों को साफ किया, जिससे स्थिति में सुधार आया और लोगों को राहत मिली। क्षेत्रवासियों के अनुसार, सीवरेज जाम होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर जमा हो रहा था। इससे न केवल बदबू फैल रही थी, बल्कि बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया था। सफाई कार्य के बाद अब हालात काफी बेहतर हो गए हैं और लोग राहत महसूस कर रहे हैं। स्थानीय निवासियों ने वार्ड पार्षद रेणु नेहरू और नगर परिषद की टीम का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनकी समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया गया। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इसी तरह जन समस्याओं का समय पर निपटारा किया जाएगा।

# लुधियाना कोर्ट कांप्लेक्स में नायब कोर्ट की अनोखी रिश्वत, कैश के साथ गिफ्ट में लिए बूट, विजिलेंस ने लिया एक्शन



लुधियाना/यूटर्न/4 अप्रैल। पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने राज्य में चल रहे भ्रष्टाचार विरोधी अभियान के तहत लुधियाना अदालत में नायब कोर्ट के रूप में तैनात सहायक सब-इंस्पेक्टर तरलोचन सिंह को 10,000 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। राज्य विजिलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि उक्त आरोपी को चंडीगढ़ रोड, लुधियाना के एक निवासी द्वारा दर्ज करवाई गई शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। प्रवक्ता ने बताया कि शिकायतकर्ता के खिलाफ एक केस दर्ज था और गिरफ्तारी के दौरान उसकी लाइसेंसशुदा पिस्तौल भी पुलिस ने जब्त कर ली थी। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि उसकी लाइसेंसी पिस्तौल वापस दिलाने में मदद करने के बदले आरोपी नायब कोर्ट ने 10,000 रुपये रिश्वत और जूतों की मांग की। शिकायतकर्ता ने रिश्वत और जूतों की मांग से संबंधित पूरी बातचीत रिकॉर्ड कर ली थी। गौरतलब है कि शिकायतकर्ता रिश्वत देने या कोई अन्य गैर-कानूनी तरीका अपनाने के लिए तैयार नहीं था, इसलिए उसने विजिलेंस ब्यूरो रेंज लुधियाना से संपर्क किया। उसकी शिकायत पर प्रारंभिक जांच के बाद विजिलेंस टीम ने आरोपी को दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में शिकायतकर्ता से 10,000 रुपये रिश्वत और जूते लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ विजिलेंस ब्यूरो पुलिस स्टेशन लुधियाना में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

# मानसिक तनाव में २४ वर्षीय युवक ने निकाला जहर, मौत

## पिता ने भी की थी आत्महत्या, परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़, रोजगार की तलाश में भटक रहा था युवक

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/4/अप्रैल। जगरांव क्षेत्र के गांव चीमना कलां के 24 वर्षीय युवक परमवीर सिंह ने मानसिक तनाव के चलते जहरीली दवा पीकर आत्महत्या कर ली।

युवक का शव गांव सिधवां कलां के खेतों में बनी मोटर के पास मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई, वहीं परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

थाना सदर के प्रभारी इंस्पेक्टर सुरजीत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 3 अप्रैल को पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव सिधवां कलां के खेतों में एक युवक की लाश पड़ी है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल जगरांव के मोर्चरी में रखवाया गया।



प्रारंभिक जांच में पता चला कि मृतक की उम्र करीब 24-25 वर्ष थी और वह करीब चार महीने पहले दुबई से वापस लौटा था। पुलिस के अनुसार, परमवीर सिंह 2 अप्रैल को अपने घर से बाइक पर निकला था और अगले दिन उसकी मौत की खबर सामने आई।

जानकारी के मुताबिक, मृतक का परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है। उसके पिता प्रदीप सिंह ने भी कुछ वर्ष पहले आत्महत्या कर ली थी। परिवार के अनुसार युवक पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था, जिसके चलते उसने यह कदम उठाया। पुलिस ने स्पष्ट किया कि शुरूआती जांच में नशे से जुड़ा कोई तथ्य सामने नहीं आया है। गांव चीमना कलां के सरपंच सर्वण सिंह ने बताया कि परमवीर अपने परिवार का इकलौता सहारा था। कुछ महीने पहले उसके दादा के निधन के बाद परिवार की आर्थिक स्थिति बिगड़ गई थी और वह रोजगार की तलाश में भटक रहा था। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक की माता के बयानों के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# मुख्यमंत्री सेहत योजना के तहत बाजीगर बस्ती में हेल्थ कार्ड कैंप, 120 लोगों को मिला लाभ



जीरकपुर /यूटर्न/04 अप्रैल। नगला क्षेत्र स्थित बाजीगर बस्ती में मुख्यमंत्री सेहत योजना के तहत हेल्थ कार्ड बनाने के लिए विशेष कैंप का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों तक मुफ्त और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना था। कैंप के दौरान स्थानीय निवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और करीब 120 लोगों के हेल्थ कार्ड बनाए गए। इन काड्र्स के माध्यम से लाभार्थियों को सरकारी एवं सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में कैशलेस इलाज की सुविधा मिल सकेगी, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस तरह के कैंप उनके लिए काफी लाभकारी हैं, क्योंकि कई बार जानकारी की कमी या प्रक्रियाओं की जटिलता के चलते वे योजनाओं का लाभ नहीं उठा पाते। कैंप के जरिए मौके पर ही दस्तावेजों की जांच और रजिस्ट्रेशन की सुविधा मिलने से लोगों को काफी सहूलियत हुई। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के वार्ड नंबर 17 के ब्लॉक कॉर्डिनेटर मनीष कुमार, हंसराज, रोशन प्रधान और मेहर सिंह मौजूद रहे। उन्होंने लोगों को मुख्यमंत्री सेहत योजना के फायदे बताए और अधिक से अधिक लोगों को इससे जुड़ने के लिए प्रेरित किया। आयोजकों ने बताया कि भविष्य में भी इस तरह के जागरूकता और सुविधा कैंप आयोजित किए जाएंगे, ताकि समाज के हर वर्ग तक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाया जा सके।

Honey Rose



# सेक्टर-26 ट्रांसपोर्ट एरिया में विकास कार्यों का निरीक्षण, सीवर अपग्रेडेशन 15 अप्रैल तक पूरा होगा





चंडीगढ़ /यूटर्न/04 अप्रैल। नगर निगम चंडीगढ़ के चीफ इंजीनियर संजय अरोड़ा ने शनिवार को सेक्टर-26 स्थित ट्रांसपोर्ट एरिया का दौरा कर चल रहे विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया और व्यापारियों की समस्याएं सुनीं। निरीक्षण के दौरान सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर के.पी. सिंह और नगर निगम के विभिन्न विंग्स के एक्सीक्यूटिव इंजीनियर्स भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में सीवर सिस्टम के अपग्रेडेशन का लगभग 95 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है, जबकि शेष कार्य 15 अप्रैल 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा। इससे दुकानदारों और ट्रांसपोर्ट ऑपरेटर्स को बार-बार होने वाली सीवर जाम की समस्या से राहत मिलेगी।

इस दौरान टीम ने स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज और क्षतिग्रस्त रोड गलियों की स्थिति का भी निरीक्षण किया। अधिकारियों के अनुसार, स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम के सुधार का कार्य 6 अप्रैल से शुरू होगा और इसे एक महीने के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि बरसात के दौरान जलभराव की समस्या से बचा जा सके। चीफ इंजीनियर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य तय समयसीमा में और गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। उन्होंने ट्रांसपोर्ट एरिया को शहर का प्रमुख व्यावसायिक और लॉजिस्टिक्स हब बताते हुए यहां बुनियादी सुविधाओं के सुधार को प्राथमिकता देने पर जोर दिया।

निरीक्षण के दौरान ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के प्रतिनिधियों से बातचीत करते हुए उन्होंने भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। नगर निगम ने भी स्पष्ट किया कि क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए सभी इंजीनियरिंग विंग्स मिलकर काम कर रहे हैं।

# एमच्योर गोल्फर्स सोसायटी ने ट्राईसिटी में गोल्फ कल्चर को बढ़ावा देने के लिए टूर्नामेंट के 11वें एडीशन के आयोजन का ऐलान किया

## महिलाओं समेत 68 गोल्फर्स हिस्सा लेंगे; ट्राईसिटी में गोल्फ कल्चर के विस्तार पर जोर



चंडीगढ़/यूटर्न/04 अप्रैल। ट्राईसिटी में गोल्फ कल्चर के विस्तार पर जोर देते हुए, एमच्योर गोल्फर्स सोसायटी (एजीएस) ने आज चंडीगढ़ प्रेस क्लब में हुई एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपने एमच्योर गोल्फ टूर्नामेंट के 11वें एडीशन का ऐलान किया। यह टूर्नामेंट रविवार, 5 अप्रैल को पंचकूला गोल्फ क्लब में खेला जाएगा। टी-ऑफ सुबह 6:30 बजे और पुरुस्कार वितरण समारोह शाम 7:30 बजे होगा। मीडिया ब्रीफिंग को एजीएस के फाउंडर ट्रस्टी एडवोकेट सुरेश के. गुप्ता; एजीएस के चीफ पेटर्न और जिया डायमंड्स के मालिक हुकुम गोयल, एजीएस के पेटर्न संजीव गोयल, (आईएएस) और एजीएस के पेटर्न एस.एस.प्रसाद, (आईएएस, सेवानिवृत) ने संबोधित किया। उन्होंने आने वाले टूर्नामेंट और इस खेल के लिए सोसायटी के व्यापक दृष्टिकोण और भविष्य की योजनाओं के बारे में अहम जानकारी साझा की। इस मौके पर बोलते हुए, एडवोकेट सुरेश के. गुप्ता ने बताया कि इस टूर्नामेंट में 68 एमच्योर गोल्फर्स हिस्सा लेंगे, जिनमें चार महिला खिलाड़ी भी शामिल हैं। ये खिलाड़ी 0-9, 10-15 और 16 व उससे ऊपर की हैंडीकैप कैटेगिरीज में मुकाबला करेंगे। उन्होंने कहा कि इस पहल का मकसद एमच्योर गोल्फर्स के खेलने के कौशल को बेहतर बनाना, नए लोगों को इस खेल से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करना और पूरे ट्राईसिटी एरिया में एक मजबूत गोल्फ कल्चर को प्रोत्साहित करना है।

# थाना संगत के चीफ ऑफिसर आईएनएसपी सुखविंदर सिंह बराड़ ने बताया कि माननीय एसएसपी



सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/04 अप्रैल। के दिशा-निर्देशों के अनुसार नशे के खिलाफ छेड़ी गई मुहिम के तहत कल दिनांक को शाम करीब 7.30 बजे थाना संगत के एरिया में गश्त व संदिग्ध लोगों की चेकिंग के दौरान पुलिस पार्टी सार्जेंट सुखजंट सिंह के साथ गांव डुमवाली के नजदीक नर सिंह कालोनी में पहुंची और शक के बिनाह पर दो नौजवानों को मोटरसाइकिल नंबर ढ़45अ 4472 ब्रांड बजाज पलटीना के साथ काबू किया। नाम व पता पूछने पर पहले नौजवान ने अपना नाम प्रदीप सिंह पुत्र पाल सिंह, उम्र करीब 21 साल, वासी पक्का कला व दूसरे नौजवान ने अपना नाम धरमिंदर सिंह पुत्र रणजीत सिंह, उम्र करीब 28 साल, वासी पक्का कला बताया। जिनसे 12 किलो चूरा पोस्त बरामद हुआ। जिसके पास से भिलाध भू सभा संघठ 58 भिडी 02.04.2026 A/P 15B/61/85 NDPS Act घाटा संगत रजिस्टर्ड है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# बच्चे का हित सर्वोपरि, शिक्षा नहीं बन सकती कस्टडी का आधारः हाई कोर्ट का स्पष्ट संदेश




चंडीगढ़/यूटर्न/04 अप्रैल। पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा है कि किसी भी नाबालिग की कस्टडी तय करते समय माता-पिता की शैक्षणिक योग्यता नहीं, बल्कि बच्चे का सर्वोत्तम हित सबसे महत्वपूर्ण होता है। अदालत ने मुक्तसर साहिब की फैमिली कोर्ट के फैसले को बरकरार रखते हुए पिता की अपील खारिज कर दी। यह मामला एक डॉक्टर पिता द्वारा दायर अपील से जुड़ा था, जिसमें उन्होंने दलील दी थी कि वह अधिक शिक्षित और सक्षम हैं, इसलिए बच्चे की कस्टडी उन्हें दी जानी चाहिए। साथ ही उन्होंने बच्चे की पढ़ाई प्रभावित होने और विजिटेशन राइट्स स्पष्ट न होने का मुद्दा भी उठाया था। मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस Harsimran Singh Sethi की एकल पीठ ने पाया कि बीते छह वर्षों से बच्चा मां की देखरेख में रह रहा है और उसकी परवरिश में किसी प्रकार की लापरवाही का कोई ठोस सबूत रिकॉर्ड पर नहीं है। अदालत ने माना कि मां लगातार बच्चे के साथ रहकर उसकी देखभाल कर रही है, जो उसके समग्र विकास के लिए जरूरी है। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि 2019 में मां के खिलाफ दर्ज एक मामूली आपराधिक मामला, जिसमें उसे प्रोबेशन पर रिहा किया गया था, उसे अयोग्य ठहराने का आधार नहीं बन सकता। साथ ही कोर्ट ने यह महत्वपूर्ण टिप्पणी की कि भारतीय समाज में कई कम शिक्षित माताएं भी बच्चों का बेहतर पालन-पोषण करती हैं, इसलिए केवल शैक्षणिक योग्यता को आधार बनाना उचित नहीं है।

सुनवाई के दौरान यह तथ्य भी सामने आया कि पिता को अपनी नौकरी के चलते लंबे समय तक घर से बाहर रहना पड़ता है और उनके साथ रहने वाले बुजुर्ग माता-पिता भी अस्वस्थ हैं। ऐसे में बच्चे की निरंतर देखभाल चुनौतीपूर्ण हो सकती है। बच्चे की पढ़ाई को लेकर उठाए गए सवालों पर भी कोर्ट ने कहा कि फीस न जमा होने के कारण पढ़ाई प्रभावित हुई, जिसकी जिम्मेदारी पिता पर भी आती है। इस आधार पर मां की अभिभावकता पर सवाल उठाना उचित नहीं ठहराया गया। विजिटेशन राइट्स के मुद्दे पर अदालत ने कहा कि यदि कोई अस्पष्टता है तो पिता फैमिली कोर्ट में आवेदन देकर समाधान प्राप्त कर सकते हैं, इसे कस्टडी आदेश को रद्द करने का आधार नहीं बनाया जा सकता। इन सभी पहलुओं पर विचार करते हुए हाई कोर्ट ने पिता की अपील खारिज कर दी और बच्चे की कस्टडी मां के पास बनाए रखने के आदेश को कायम रखा।

# दो अलग-अलग कार्रवाइयों में नशीली गोलियां बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/4/अप्रैल। लुधियाना देहात जिले में नशा तस्करों के खिलाफ चल रही कार्रवाई के तहत पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में कुल 43 नशीली गोलियां बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पहले मामले में थाना सिद्धवां बेट पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर श्मशान घाट के पास छापेमारी कर बूटा सिंह निवासी खुरसैदपुरा को 23 नशीली गोलियों सहित काबू किया। वहीं दूसरे मामले में चौकी जलालदीवाल, थाना सदर रायकोट पुलिस ने सूचना के आधार पर गांव रामगढ़ सिविया के श्मशान घाट के पास रेड कर प्रीतपाल सिंह निवासी झोरड़ां को 20 नशीली गोलियों समेत गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत अलग-अलग मामले दर्ज कर लिए गए हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार आरोपियों से पूछताछ जारी है और नशा तस्करी से जुड़े अन्य लिंक खंगाले जा रहे।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma

तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।

Contact - +91 9814295372